तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 27.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]


कंपोजिट बिल्डिंग स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के पास बेतरतीबी से दो पहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे पैदल चलने की जगह नहीं बचती।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार माजदा पलटा, बड़ा हादसा टला



**बिलासपुर।** सोमवार की रात करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार माजदा वाहन तारबाहर अंडरब्रिज में पलट गया। माजदा में व्यापार विहार से लोड किया गया माल सिरगिट्टी ले जाया जा रहा था। हादसे के वक्त राहगीरों की आवाजाही कम थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

### डॉ जोगी बनाए गए अर्बन बीएमओ

**बिलासपुर।** लंबे समय से सिम्स के एआरटी सेंटर में जमे डॉ रक्षित जोगी को आगामी आदेश तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अर्बन बीएमओ का दायित्व सौंप दिया है। दरअसल डॉ रक्षित जोगी की पदस्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्हा में की गई थी,चिकित्सा अधिकारी होने के बावजूद उन्हें सिम्स में एआरटी सेंटर सौंपा गया था। इसे लेकर कई बार सीएमएचओ को शिकायत भी मिलती रही। तत्कालीन सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने उनका ट्रांसफर तक कर दिया था, लेकिन सिम्स प्रबंधन ने उन्हें रिलीव नहीं किया। जिसके बाद से मामला अटक गया था। हाल ही में सीएमएचओ के तौर पर डॉ शुभा गढ़ेवाल की पदस्थापना शासन के आदेश पर की गई है।

जेईई व दूसरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी, चयन नहीं होने पर शार्टकट अपनाया

# पकड़ी गई युवती सिविल इंजीनियर यू ट्यूब से सीखा नकल का तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीडब्ल्यूडी में असिस्टेंट इंजीनियर की परीक्षा में नकल मारते पकड़ी गई जशपुर की परीक्षार्थी अनू सूर्या ने सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। जशपुर से प्रारंभिक पढ़ाई करने के बाद उसने अंडमान से इंजीनियरिंग पूरी की। युवती जेईई और दूसरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। लगातार परीक्षाओं में चयन नहीं होने पर उसने नकल का सहारा लेने का फैसला लिया और पकड़ी गई। हरिभूमि ने जब उससे बात की तो उसे इस बात का पछतावा है और अब अपने कैरियर को लेकर आशंकित है। हालांकि उसने किसी भी गिरोह के इसमें शामिल होने की बात से इंकार किया और कहा कि कुछ नंबर अधिक पाने के लिए इस इलेक्ट्रानिक गजेट का सहारा लिया। इसके लिए यू ट्यूब चैनल से तरीका भी सीखा। इस युवती ने वाकी टाकी से लेकर, माइक्रो कैमरा, ब्लूटुथ डिवाइस और दूसरे सामान आनलाइन मंगाए थे।


भीतर कॉलर कैमरा और वॉकी-टॉकी, बाहर आटो में बैठकर गूगल से जवाब
एसएसपी ने सरकंडा थाने पहुंचकर मामले की जानकारी ली
जशपुर से पहुंची थीं युवतियां, आधुनिक इलेक्ट्रानिक डिवाइस कैसे और कहां से आए, इसकी जांच जरूरी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।



■ वाकी टाकी से लेकर, माइक्रो कैमरा, ब्लूटुथ डिवाइस और दूसरे सामान आनलाइन मंगाए थे

दरअसल, पीडब्ल्यूडी में असिस्टेंट इंजीनियर के 113 पदों के लिए रविवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की ओर से भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। सरकंडा के उच्चतर माध्यमिक शाला में परीक्षा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक चली। इसी परीक्षा सेंटर में अभ्यर्थी अनु सूर्या परीक्षा देने आई थी। यह युवती जशपुर जिले के कुनकुरी की निवासी है। कक्ष क्रमांक 7 में परीक्षार्थी का रोल नंबर 13091014 था। अनु सूर्या ने स्पाई कैमरा को अंडरगार्मेंट्स में छिपाकर रखा था। बाहर आटो में बैठी उसकी बहन अनुराधा बाई के पास रखे कैमरे से प्रश्नों को देख रही थी। गूगल में सर्च कर वाकी-टॉकी की मदद से आंसर बता रही थी। इसी दौरान दोनों बहनें पकड़ी गईं।

### केन्द्र प्रभारी की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध

इस पूरे मामले में सरकंडा के उच्चतर माध्यमिक शाला में जहां की परीक्षा का सेंटर था उसके केन्द्र प्रभारियों की भूमिका भी काफी संदिग्ध लग रही और सवालों के घेरे में है। जानकारी के मुताबिक स्कूल के 10 से अधिक कमरों में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था थी। सभी कमरों में एक महिला और एक पुरुष शिक्षक की ड्यूटी बतौर पर्यवेक्षक लगी थी। कक्ष क्रमांक 7 में जहां जशपुर की छात्रा परीक्षा दे रही बस उसी कमरे में दोनों पुरुष शिक्षकों की ड्यूटी थी। इसी कारण बालक परीक्षार्थियों की तो जांच कमरे में प्रवेश करने से हुई लेकिन बालिकाओं की किसी प्रकार की जांच नहीं हुई। यही कारण था कि जशपुर की छात्रा मोबाइल के साथ ही माइक्रो कैमरा और दूसरे सामान लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश कर गई। सवाल इस बात का भी है कि व्यापमं की इस बड़ी परीक्षा में युवती मोबाइल लेकर बैठी रही और किसी की नदर कैसे नहीं पड़ी। आटो चालक ने सतर्कता नहीं दिखाई होती और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने नहीं पकड़ा होता तो इतने बड़े मामले का खुलासा शायद नहीं हो पाता।

### केन्द्र पहुंचने के बाद सेटअप तैयार किया

परीक्षार्थी अन्नू सूर्या जशपुर से अपनी बहन के साथ कार में बिलासपुर आई थी। परीक्षा केंद्र के अंदर पहुंचने के बाद उसने बाथरूम में जाकर टैबलेट और वॉकीटॉकी से नकल कराने का सेटअप तैयार किया। हालांकि क्लास रूम में पहुंचने के बाद यह वाकीटाकी डिस्कनेक्ट हो गया और बाहर बैठी अपनी बहन से उसका संपर्क टूट गया। इसके बाद अन्नू सूर्या परीक्षा शुरू होने के थोड़ी देर बाद फिर बाथरूम पहुंची और फिर से डिवाइस को कनेक्ट करने की कोशिश की लेकिन असफलता हाथ लगी। इससे परीक्षार्थी एक भी प्रश्न का नकल नहीं कर सकी और पकड़ी गई।

### अंडमान से 6 महीने पहले जशपुर शिफ्ट हुए

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि युवती अन्नू सूर्या के पिता कलेश्वर राम कुनकुरी में रहते हैं और पेशे से मजदूर हैं। कमाने खाने के लिए वह अंडमान गए थे और वहीं की महिला से विवाह कर लिया। नकल में पकड़ी गईं दोनों युवतियां भी अपने माता-पिता के साथ अंडमान में रहती थीं। वहीं से उनकी पढ़ाई हुई है। करीब छह महीने पहले उनका परिवार जशपुर में आकर शिफ्ट हुआ है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि उन्होंने डिवाइस कब मंगाई है। डिवाइस मिलने के बाद युवती या उसकी बहन किसी और प्रतियोगी परीक्षा में शामिल तो नहीं हुई हैं।

## कांग्रेस ने की सीबीआई जांच की मांग



कांग्रेस और एनएसयूआई ने इस मामले में राज्य सरकार की परीक्षा तंत्र की नाकामी का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। नेहरू चौक पर आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार और व्यापम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मामले की सीबीआई जांच की मांग की। प्रदर्शन की अगुवाई शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय पाण्डेय, कांग्रेस नेता प्रमोद नायक, महेन्द्र गंगोत्री, एनएसयूआई नेता रंजीत सिंह, लक्की मिश्रा और विकास सिंह ने की। प्रदर्शनकारियों ने जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई का आरोप है कि शुरुआती जांच के बाद रायपुर से किसी फोन कॉल के चलते जांच को अचानक रोक दिया गया, जिससे इस पूरे कांड में ऊंची पहुँच वाले लोगों की संलिप्तता का संदेह और गहरा गया है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता प्रमोद नायक ने कहा, "सरकार में बैठे किसी रसूखदार की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा नकल कांड संभव नहीं है। हमें सूचना मिली है कि दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि प्रदेश के विभिन्न केंद्रों में लगभग 40 लोग मिलकर नकल कराने की योजना चला रहे थे। कांग्रेस ने ममले की सीबीआई जांच, सब इंजीनियर परीक्षा को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने और घोटाले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## उत्कल लेट पहुंची तो निकल गई भगत की कोठी, परेशान यात्री

**बिलासपुर।** दोपहर की उत्कल एक्सप्रेस लेट पहुंची, तब तक स्टेशन से बिलासपुर से भगत की कोठी जाने वाली एक्सप्रेस रवाना हो गई। इसके कारण यात्री ने हंगामा मचाया।

ट्रेनों की लेट लतीफी के कारण यात्री काफी परेशान हो चुके हैं। सोमवार को दोपहर 2 बजकर 15 मिनट पर पुरी से ऋषिकेश हरिद्वार जाने वाली उत्कल एक्सप्रेस शाम 6.30 बजे के बाद बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। उत्कल एक्सप्रेस में सफर करने वाले एक दंपती को शाम 6 बजकर 20 मिनट पर बिलासपुर से भगत की कोठी की ओर जाने वाली ट्रेन में भोपाल तक जाना था, जिसके लिए उनके पास कंफर्म टिकिट थी। उत्कल एक्सप्रेस जब बिलासपुर स्टेशन पहुंची, तब तक भगत की कोठी स्टेशन से रवाना हो चुकी थी। उत्कल से उतरने के बाद जब उन्हें भगत की कोठी छूटने की जानकारी मिली तो वे काफी परेशान हुए। इस दौरान उन्होंने स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय पहुंचकर हंगामा करना शुरु कर दिया।

## नदी के पानी में पर्याप्त ऑक्सीजन पिछले 5 महीने से ले रहे सैंपल



हाईकोर्ट ने कहा- निगरानी करेंगे

शराब डिस्टलरी के पानी से नदी के प्रदूषित होने के मामले में हाईकोर्ट जनहित याचिका के रूप में सुनवाई कर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब डिस्टलरी के पानी से नदी के प्रदूषित होने के मामले में हाईकोर्ट जनहित याचिका के रूप में सुनवाई कर रहा है। सोमवार को हुई सुनवाई में शासन की ओर से बताया गया कि पिछले 5 माह से लिए जा रहे पानी के सेम्पल में पर्याप्त ऑक्सीजन मिली है। डीबी ने इस मामले को अभी मानिटरिंग के लिए रखा है और मामले की सुनवाई अगस्त में करने कहा है।

पूर्व में शिवनाथ नदी के प्रदूषित होने को लेकर खबरों पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की थी। इसमें यह बात सामने आई थी कि डिस्टलरी के गंदे पानी से नदी प्रदूषित हो रही है और मछलियां मर रही हैं। इस पर हाईकोर्ट ने पर्यावरण संरक्षण मंडल को गत 3 फरवरी 2025 को आवश्यक निर्देश देकर कार्रवाई के लिए कहा। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा एक हलफनामा में बताया गया कि इस उद्योग का निरीक्षण भी क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों द्वारा 7 मार्च 2025 और 24 मार्च 2025 को किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि उद्योग ने ड्रायर और आर.ओ. युक्त बहु-प्रभाव वाष्पीकरण प्रणाली स्थापित की है। उद्योग अपने अपशिष्ट जल का उपचार करता है और उसका पुनः उपयोग शीतलन, धूल नियंत्रण और वृक्षारोपण में करता है। निरीक्षण के दौरान, उद्योग शून्य उत्सर्जन की स्थिति बनाए रखते हुए पाया गया। भाग के सबंधित अधिकारी निरंतर निगरानी रख रहे हैं। डीबी में सोमवार को हुई सुनवाई में यह बताया गया कि , पिछले 5 माह से इस इलाके में डिस्टलरी से निकलने वाले पानी के अलावा नदी में आ रहे पानी का सेम्पल लिया जा रहा है। इस दौरान ऑक्सीजन का लेवल 5 से उपर है। मछली पालन के लिए 4 का लेवल जरूरी होता है, इस तरह यहां आक्सीजन की सही मात्रा है जो आवश्यक मानदंडों को पूरा करती है। जस्टिस सिन्हा ने इसे स्वीकार करते हुए मामले को मानिटरिंग के लिए अगले माह निर्धारित किया है।

हरिभूमि inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज़ एवं BNI बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2024 द्वारा आयोजित

## मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों की सूची

### Group-A 5 से 15 वर्ष

प्रथम पुरस्कार - सरगम कश्यप, सरकण्डा
द्वितीय पुरस्कार - नूपुर विश्वकर्मा, चिंगराजपारा
तृतीय पुरस्कार - प्रिसी ठाकुर, बहतराई
विशेष पुरस्कार - 1. अंजुम प्रवीण, मगरपारा
2. प्रियांशी सोनी, अशोक नगर 3. शारदा परिहार, सरकण्डा
4. अनुप्रिया कुमारी, मंगला 5. सौम्या साहू, मंगला
6. सोनम कुशवाहा, घुरू अमेरी 7. प्रतिभा साहू , चिंगराजपारा
8. आरूषि गढ़ेवाल, राजीव गांधी चौक

### Group-B 16 से 25 वर्ष

प्रथम पुरस्कार - विरासिनी ताम्रकार, रतनपुर
द्वितीय पुरस्कार - ज्योति महिलांगे, महाराणा प्रताप चौक
तृतीय पुरस्कार - शिखा यादव, सिरगिट्टी
विशेष पुरस्कार- 1.श्रद्धा बिंझवारल, भरनी
2.श्रुति चौहान, जूना बिलासपुर 3.पुणर्णिमा सिंह राजपूत, उस्लापुर
4.प्रियांशी साहू, चिंगराजपारा 5.प्रियांशी नामदेव, लिगिंयाडीह
6.आयुषी देवांगन, राजकिशोर नगर 7.भूमिका यादव, तालापारा

### Group-c 26 से ऊपर

प्रथम पुरस्कार - दामिनी कश्यप, चिंगराजपारा
द्वितीय पुरस्कार - नंदिनी जांगड़े, अज्ञेयनगर
तृतीय पुरस्कार - ज्योति यादव, तालापारा
विशेष पुरस्कार - नीतू विश्वकर्मा

**मेहंदी सांत्वना पुरस्कार - 5 से 15 वर्ष**

1.हेमलता केंवट 2.आस्था मार्टीन 3. ललिता सोनी 4. अंकिता जायसवाल 5. स्नेहा नेताम 6.श्रेया साहू 7.रमा प्रधान 8.कृतिका जायसवाल 9. प्राची वस्त्रकार 10. अंकिता विश्वकर्मा 11. रेश्मा रजक 12. नाइषा श्रीवास्तव 13. कुमुद सोनी 14.भावना साहू 15. रितिका साहू 16.स्वाति राठौर 17. आकांक्षा वर्मा 18. तमन्ना प्रजापति 19. मधु देवांगन 20. खुशी श्रीवास 21. आध्या शर्मा 22. काव्या साहू 23.कृतिका विश्वकर्मा 24. अवनि साहू 25. रश्मि देवांगन 26. लविका उइके 27. लवली सिंह ठाकुर 28. प्रिया पाण्डे 29. प्रकृति महिलांगे 30. माही मेहरा 31. शालिनी साहू 32. श्वेता धुरव 33. खुशी केंवट 34. शुभी गौतम 35. माधुरी विश्वकर्मा 36. किरण मानिकपुरी 37. भाव्या साहू 38. कल्पना श्रीवास 39. नम्रता रात्रे 40. साक्षी साहू 41. मौली ठाकुर 42. किरण केशरवानी 43. कृतिका श्रीवास 44.तेजस्वनी कुर्रे 45. नैनी गेंदले 46. प्रिया श्रीवास 47.पायल यादव 48. चेतना यादव 49. भूमिका धुमाल 50. दीर्घा कोरी 51. रिया साहू 52. गौरी देवांगन 53. विघा साहू

**मेंहदी सांत्वना पुरस्कार - 16 से 25 वर्ष**

1. सिद्दि सिंगरौल 2. खुशी धुरी 3. संध्या सिंग ठाकुर 4. जिया देवांगन 5. सरिता केंवट 6. दृश्टि साहू 7. माही यादव 8. हर्शिता यादव 9. प्रिया कुशवाहा 10. अदिति साहू 11. रीना कौशल 12. श्रुति यादव 13. नंदनी यादव 14. रिया गुप्ता 15.रितिका पाण्डेय 16.रानी मालवीया 17. अर्शी फतिमा 18. प्रतिमा साहू 19.मासूमा रजक 20. अवनी विश्वकर्मा 21. याशु पटेल 22. मनीशा साहू 23.सौम्या साहू 24. तलत फतिमा 25. भूमि सूर्यवंशी 26.पूजा प्रधान 27. प्रांजली कश्यप 28. आकांक्षा सिंग 29. सिमरन राजपूत 30.सृश्टि निर्मलकर 31. संध्या चौहान 32. सुहानी राजपूत 33. कुमकुम सोनी 34.पूजा चौहान 35. ईशा साहू 36. रिया कश्यप 37.स्नेहा ठाकुर 38. मुस्कान निर्मलकर

## रंगोली सजाओ प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों की सूची

### Group-A 5 से 15 वर्ष

प्रथम पुरस्कार - मीनाक्षी साहू, चिंगराजपारा
द्वितीय पुरस्कार - रितिका साहू, चिंगराजपारा
तृतीय पुरस्कार - साक्षी देवांगन, चिंगराजपारा
विशेष पुरस्कार - 1. कुमुद सोनी, बंधवापारा
2. चंचल साहू, अशोक विहार 3. वैष्णवी गुप्ता, बंधवापारा
4. मंजरी सिंग ठाकुर, राजकिशोर नगर 5. वसुंधरा सिंग, अशोकनगर

### Group-B 16 से 25 वर्ष

प्रथम पुरस्कार - लक्षिता यादव, कोनी
द्वितीय पुरस्कार - ज्योति महिलांगे, महाराणा प्रताप चौक
तृतीय पुरस्कार - विरासिनी ताम्रकार, रतनपुर

### Group-c 26 से ऊपर

प्रथम पुरस्कार - नंदिनी जांगड़े, अज्ञेय नगर
द्वितीय पुरस्कार - ज्योति शर्मा, जोरापारा सरकण्डा
तृतीय पुरस्कार - अल्का देवांगन, अशोकविहार

**रंगोली सांत्वना पुरस्कार - 5 से 15 वर्ष**

1.निरिक्षा मिश्रा 2. पूजा देवांगन 3. प्रियल देवांगन 4.प्रणनिक कुंबज 5. कुंमुद ध्रुव 6. यागिनी बुनकर 7. राधिका साहू 8. ऑचल रजक 9. हर्शिता साहू 10. बम्बलेश्वरी साहू 11. नम्रता रात्रे 12. प्रीति साहू 13. उमा गौरी देवांगन 14. आंचल राजपूत 15. वीणा मरावी 16. चेतना सिंग ठाकुर 17. जीनत खान 18. आराध्या शर्मा 19. हर्शिता पैकरा 20. आस्था सारथी 21. आरवी राव 22. तनु पाण्डे 23. सौम्या पोपतानी 24. विधि देवांगन 25. इशिता वर्मा 26. श्रेया देवांगन 27. लक्षिका कौशिक 28. स्वाती देवांगन 29. वेदिका गुप्ता 30.पिंकी साहू 31. पायल श्रीवास 32. आर्य मिश्रा 33. सिमरन ध्रुव 34. वंषिका राजपूत 35. सौम्या साहू 36.आराधना वर्मा 37. मिनाली सिंग 38. शालनी साहू 39. रॉची त्रिपाठी 40. अंकिता देवांगन 41. स्वाती कुंभकार 42. फलक तंजीम 43. अनन्या तिवारी 44. यस्मिता सिंग 45.हरप्रिता देवांगन 46. साधना जार्वे 47.भारती साहू 48. गुनगुन साहू 49. गितिका जायसवाल 50. सृश्टि शर्मा 51. आरना पटेल 52. स्वाती केंवट 53. आराध्या शुक्ला 54. दिरघा कोरी 55. नेहा देवांगन 56. प्रीति माहना 57. आस्था मार्टिन 58. कृतिका सोनी 59. सरोजनी यादव 60. भूमि गुप्ता 61. मुस्कान कौशिक 62. दीक्षा साहू 63. प्राची निर्मलकर 64. अविका सूर्यवंशी 65. प्रिया पाण्डे 66. रूचिका कोरी 65.चित्रांशा राज 66. विद्या साहू

**रंगोली सांत्वना पुरस्कार - 16 से 25 वर्ष**

1.साक्षी विश्वकर्मा 2. दीक्षा नेताम 3. अन्वेशा भास्कर 4. भूमिका धीवर 5. ऋतु सूर्यवंशी 6. जीतू सूर्यवंशी 7. सिम्मो यादव 8. कविता यादव 9. आयुशी देवांगन 10.संजू अनंत 11. श्रेया विश्वकर्मा 12. सृश्टि विश्वकर्मा

**रंगोली सांत्वना पुरस्कार - 26 वर्ष से ऊपर**

1.निधि पाटनवार 2. उमा सोनी 3. दामिनी कश्यप 4.अर्चना विश्वकर्मा

मेहंदी लगाओ , रंगोली सजाओ प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को परिचय पत्र की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है।
पुरस्कार वितरण की जानकारी जल्द ही प्रकाशित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अघोरपीठ आश्रम प्रांगण में गुरु पूर्णिमा पर किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** सर्वेश्वरी समूह शाखा सेंदरी कोनी अघोरपीठ आश्रम प्रांगण में गुरू पूर्णिमा मनाया गया। इस अवस पर यहां पौरोपण कर इसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इसमें स्वयंसेवकों सर्वेश्वरी सैनिकों ने श्रमदान किया। साफ सफाई कर पूरम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु की अमृतवाणियों के बैनरों, ध्वजों, फूलों की वंदना कर मंदिर का सुसज्जित किया गया। सुबह आश्रम से खाली कलश लेकर सामूहिक संकीर्तन के साथ अरपा से जल भरकर वापस आश्रम प्रांगण में जय घोष के साथ कलश परिक्रमा की गई। मंदिर में शाखा मंत्री उमेश नारायण मिश्रा ने सुबह महा विभूति स्थल पर पूजा आराधना की। संजय मालेगे ने पावन ग्रंथ सफल योनि का पाठ कर सामूहिक आरती कर प्रसाद वितरण किया। परम पूज्य अघोरेश्वर समाधि पर परिक्रम की गई। सुबह 11 बजे विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि एमएस परिहार ने पूजा आराधना की। इस अवसर पर सुमिरन पटेल, नन्हे, अरुण कुमार उइके, सोम कुमार, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अभिजीत तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास, उमेश नारायण मिश्रा, एमएस परिहार, ने पूज्य बाबा की वाण को बताया कि शिष्य की पूरी जिम्मेदारी दीक्षा देने वाले गुरू की होती है। एक शिष्य को बनाने में एक हजार गाय के वध का पाप लगता है। सारी शिष्य की जिम्मेदारी गुरू की होती है। स्व. आत्माराम के संकीर्तन के साथ गोष्ठी का समापन हुआ। इसका संचालन एसके सोनी ने किया।

### आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ, गौ आधारित खेती की दी जानकारी



**बिलासपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर में 17 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया है। इसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह ने गौ आधारित खेती एवं खेती में प्रयोग हो रहे अत्यधिक रसायन के दुष्प्रभाव की जानकारी दी।इसका समापन 23 जुलाई को होगा। यह प्रशिक्षण वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पशु संचालय रायपुर, एनडीडीबी, जिला पंचायत एनआरएलएम के तहत 25 पशु चिकित्सकों को दिया जा रहा है। इस मौके पर डॉ एनके चौरे अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय बिलासपुर, डॉ एसएल स्वामी अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डॉ पिल्लई अतिरिक्त पशु संचालक रायपुर, रामेंद्र सिंह गुज्जर एनआरएलएम जिला पंचायत बिलासपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर के सभी वैज्ञानिक उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ शिल्पा कौशिक एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ एकता ताम्रकार ने किया। पशु चिकित्सक के मास्टर ट्रेनर डॉ तमाय उत्तलवार, डॉ रंजना नंदा, डॉ मंडल ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### राष्ट्रीय रैफरी बने अंतरराष्ट्रीय पावर वेट खिलाड़ी राजकुमार

**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय पावर वेट के खिलाड़ी राजकुमार पाण्डेय राष्ट्रीय रेफरी बन गए हैं। राष्ट्रीय निर्णायक वर्ग 2 के लिए कोलकाता पश्चिम बंगाल में परीक्षा संपन्न हुई थी,



जिसमें राजकुमार उत्तीर्ण हुए। परीक्षा सफल होने के बाद प्रथम बार 2 से 7 अगस्त तक कालीकट केरल में आयोजित राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग खेल में निर्णायक एवं खिलाड़ी के रूप में राजकुमार पाण्डेय का चयन किया गया है। राजकुमार पाण्डेय राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 61 मैडल प्राप्त कर वन विभाग, राज्य व देश का नाम गौरान्वित कर चुके हैं। पूर्व में राष्ट्रपति, राज्यपाल, कलेक्टर, मुख्य वन संरक्षक, वन मंडलाधिकारी से सम्मानित किया गया है। राजकुमार पाण्डेय वर्तमान में वन विभागीय वाहन चालक/कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष हैं।

### कांग्रेस भवन में हुई राजीव गांधी पंचायत राज संगठन की संभाग स्तरीय बैठक




**बिलासपुर।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के संगठन सृजन अभियान का आरंभ बिलासपुर संभाग की संभाग स्तरीय बैठक के माध्यम से किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नेताम की अध्यक्षता एवं प्रदेश प्रभारी द्वय अभिषेक त्रिपाठी व विवेक अवस्थी की उपस्थिति में यह संभाग स्तरीय बैठक हुई। बिलासपुर संभाग अंतर्गत समस्त 8 जिलों के 25 विधानसभा से निर्वाचित जनप्रतिनिधि और कांग्रेस विचारधारा के नेता, कार्यकर्ता बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक आगामी दिनों में संगठन विस्तार के लिए सर्वोदय संकल्प शिविर आयोजन, गांधी जी के स्वराज स्थापना पर बात रखी गई।

### किसानों को प्रति एकड़ 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मिलेगी

**बिलासपुर।** राज्य सरकार की कृषक उन्नति योजना का फायदा धान के अलावा दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसल, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास फसल लेने वाले किसानों को भी मिलेगा। उन्हें प्रति एकड़ 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। राज्य शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग ने योजना के क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। कृषि विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमीय प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है। कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते हैं। फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्म निर्भरता के लक्ष्य के साथ चिन्हित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि देने का निर्णय लिया है।

---

**उपभोक्ता फोरम ने दिया फैसला** | अलग-अलग प्रकरण में ब्याज के साथ रकम वापसी का आदेश

# इंश्योरेंश कंपनी को देना होगा पिता और पुत्री के इलाज का खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा दो मामले में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को उपभोक्ताओं के बीमा क्लेम की रकम नहीं देने पर जोर का झटका दिया है। फोरम ने बीमा दावे की रकम के साथ 9 फीसदी ब्याज का भुगतान करने का आदेश दिया है। साथ ही पक्षकारों मानसिक परेशान के लिए भी जुर्माना किया है।

मामले के अनुसार पल्लव भवन के सामने रहने वाले सोनल तिवारी पिता राम प्रताप तिवारी ने स्वयं के साथ ही पूरे परिवार का 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा कराया था। उन्होंने कंपनी से आप्टिमा इंश्योरेंस प्लान लिया था, जिसकी अवधि 18 जून 2021 से 17 जून 2022 तक वैध थी। कोविड संक्रमण के दौरान उन्हें महादेव सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती होना पड़ा, इस दौरान उन्हें इलाज के लिए 76601 रूपए का बिल जारी किया गया, जिसका भुगतान श्री तिवारी ने कर दिया और बीमा क्लेम के लिए इंश्योरेंस कंपनी पर दावा ठोंका, लेकिन कंपनी ने यह कहते हुए दावा को अस्वीकार कर दिया कि कोविड 19 के उपचार हेतु एम्स द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश का पालन नहीं किया



**स्टॉर हेल्थ इंश्योरेंश कंपनी को लगा झटका**

गया है, साथ ही कंपनी ने काफी दिनों तक दावे को लंबित रखा। फोरम ने मामले में पाया कि श्री तिवारी ने पॉलिसी लेने के बाद उसका नवीनीकरण भी कराया है और 24378 रूपए का शुल्क भी अदा किया है। फोरम ने कंपनी को 76601 रूपए के दावे के साथ ही 9 फीसदी का ब्याज सहित रकम चुकाने का आदेश दिया है। पक्षकार को हुई मानसिक परेशानी के लिए 45 दिनों के भीतर10 हजार रूपए और 5 हजार व्यय भुगतान का आदेश भी दिया है। मामले में फोरम के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल, सदस्य पूर्णिमा सिंह, सदस्य आलोक कुमार पांडेय शामिल रहे।

#### बेटी को मिली राहत

कंपनी द्वारा पक्षकार सोनल तिवारी की पुत्री इशिता तिवारी के मेडिकल क्लेम का दावा अस्वीकार कर दिया गया था। जिसमें दरअसल इसी इंश्योरेस के तहत पक्षकार की पुत्री इशिता का यूट्रस का इलाज किया गया था, जिसके दावे के तौर पर कंपनी पर 58035 रूपए का भुगतान किया जाना था। मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 2 लाख रूपए का वाद प्रस्तुत किया गया था। इस मामले में कंपनी ने दावा किया था कि इशिता के इलाज के दौरान हुए खर्च को नकार दिया। कंपनी ने हवाला दिया कि महादेव अस्पताल को उपचारित अस्पताल की सूची से हटा दिया गया है। फोरम ने 58035 रूपए परिवादिनी को देने का आदेश दिया है, साथ ही 9 फीसदी का ब्याज भी कंपनी द्वारा भुगतान किया जाएगा। साथ ही 15 हजार रूपए अन्य खर्च के लिए भुगतान किया जाना सुनिश्चित कर दिया है।

---

मुख्यालय बिलासपुर स्थित वसंत विहार डिस्पेंसरी की कमान संभालेंगी महिलाएं

# एसईसीएल में शुरू हुई कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित डिस्पेंसरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला सशक्तीकरण की दिशा में पहल करते हुए एसईसीएल मुख्यालय स्थित वसंत विहार डिस्पेंसरी का कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित डिस्पेंसरी के रूप में आज औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस का शुभारंभ एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने किया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन एवं यो/परि) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन उपस्थित रहे।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम मानी जा रही इस पहल के अंतर्गत अब वसंत विहार डिस्पेंसरी की संपूर्ण ज़िम्मेदारी महिलाएं निभाएंगी। इसमें चिकित्सक, नर्स, फार्मासिस्ट से लेकर अन्य सभी स्टाफ शामिल हैं। डिस्पेंसरी की कमान संभालने वाली 14 सदस्यीय महिला टीम में 5 डॉक्टर, मैट्रन, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट आदि शामिल हैं।



डिस्पेंसरी का शुभारंभ करते एसईसीएल के अधिकारी।

#### महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम : सीएमडी

इस अवसर पर सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित डिस्पेंसरी की शुरुआत एसईसीएल में हुई है। कोयला मंत्री का विजन है कि कोयला क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया जाए और उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान किए जाए। यह पहल उसी दिशा में हमारा एक सार्थक प्रयास है, और हम आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखेंगे। निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने कहा कि महिलाओं को समान अवसर देने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। वसंत विहार डिस्पेंसरी की यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम है। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. प्रतिभा पाठक, सीएमएस डॉ. श्रुतिदेव मिश्रा, डिप्टी-सीएमएस डॉ. अरिहंत जैन आदि मौजूद थे।

#### डिस्पेंसरी में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी

यहां ओपीडी सेवाएं ,आकस्मिक चिकित्सा सेवाएं, ड्रेसिंग एवं इंजेक्शन रूम, ईसीजी, पैथोलॉजी परीक्षण हेतु रक्त संग्रह केंद्र, ओपीडी फार्मेसी, आपातकालीन एवं रेफरल सेवाएं शामिल हैं।

---

# बिना ओटीपी नहीं होगी तत्काल बुकिंग आज से नई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे ने अब आनलाइन बुकिंग करने वाले यात्रियों के लिए एक नई सुविधा शुरु की है। इसके तहत अब आनलाइन तत्काल टिकिट की बुकिंग करने वाले यात्रियों को दिए गए मोबाइल नंबर पर ओटीपी का मैसेज भेजा जाएगा, जिसके आधार पर ही बुकिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। रेलवे का यह नया कदम आनलाइन बुकिंग की दलाली प्रथा को रोकने के लिए मंगलवार 15 जुलाई से शुरू कर दिया जाएगा।

■ **यात्री के मोबाइल पर आएगा मैसेज**

रेल प्रशासन ने ट्रेनों के स्लीपर और एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन में आरक्षण कार्यालय के साथ आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए आनलाइन बुकिंग करने की भी सुविधा देकर रखी हुई है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट का उपयोग कोई भी यात्री कर सकता है, जिसके लिए उन्हें अपनी एक पर्सनल आईडी भी बनानी पड़ती है। यात्री की बनाई गई आईडी के जरिए एक माह में 6 बुकिंग करने की सुविधा दी गई है। इसके अलावा आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए कई दुकानदारों की भी दुकान चल रही है, जो आनलाइन बुकिंग कर यात्रियों से 100 से 200 रुपए और एसी कोच के 4 से 500 रुपए अतिरिक्त राशि लेते हैं। आईआरसीटीसी के लायसेंस प्राप्त दुकानदारों के अलावा इसका सबसे अधिक फायदा दलाल उठाते हैं। दलाल अपनी पर्सनल यूजर आईडी के अलावा वेबसाइट को हैक कर तत्काल और सामान्य बुकिंग करते हुए लाखों रुपए की कमाई कर रहे हैं। इसकी वजह से रेलवे को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। टिकिट की दलाली को रोकने के लिए आरपीएफ की टीम लगातार कार्रवाई करती है, लेकिन दलाल मुचलके में बड़े आराम से छूट जाते हैं। अब रेल प्रशासन ने आनलाइन के तहत तत्काल टिकिट की बुकिंग करने और दलाली प्रथा को रोकने के लिए एक नया नियम बनाया है। इस नियम में 15 जुलाई से आनलाइन तत्काल बुकिंग केवल आधार सत्यापित उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होंगे। आनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार ओटीपी सत्यापन भी अनिवार्य हो जाएगा।

---

# पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के प्रति राज्य शासन उदासीनः यादव



**बिलासपुर।** छग अधिकारी -कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अधिवेशन में प्रस्ताव पास कर मांग की गई कि मोदी की गारंटी लागू करो, केंद्र शासन के पेंशनरों के तिथि से महंगाई राहत का भुगतान करो। प्रार्थना सभा भवन, जल संसाधन विभाग के परिसर में आयोजित पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अधिवेशन में प्रतिनिधियों ने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के प्रति राज्य शासन उदासीन है।



अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री से मिलकर सौंपा जाएगा। पेंशनरों की प्रमुख मांग है - केंद्रीय पेंशनरों के देय तिथि से राज्य के पेंशनरों को महंगाई राहत का भुगतान किया जाए। रजिस्ट्रार जनरल रजिस्ट्रेशन सिस्टम ऑफ़ लाइफ के टेबल के अनुसार छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में नागरिकों की औसत आयु 70 वर्ष है, इसलिए 80 वर्ष में पेंशन में 20% की वृद्धि का नियम अप्रासंगिक है। जिसमें संशोधन करते हुए 70 वर्ष किया जाए। पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा की नई योजना लागू किया जाए, राज्य शासन के तीर्थ यात्रा योजना में पेंशनर्स को भी शामिल किया जाए एवं संगठन को पत्राचार की मान्यता दी जाए आदि प्रमुख है। एसोसिएशन के अधिवेशन में 3 वर्षों के लिए पदाधिकारीयों का निर्वाचन भी कराया गया। चुनाव अधिकारी जी आर चंद्रा ने परिणाम की घोषणा की, जिसके अनुसार प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव, उपाध्यक्ष आर पी सिंह, सचिव उमेश मुदलियार, कोषाध्यक्ष सुहास चिपड़े, संयुक्त सचिव के एल डहरिया, सी एल दुबे एवं कार्यकारिणी सदस्य एस पी करोसिया, मधु सूद निर्वाचित घोषित किए गए। अधिवेशन को सभी जिलों के अध्यक्ष एवं प्रांतीय पदाधिकारी ने संबोधित किया। अध्यक्षता नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव ने की। आभार प्रदर्शन जगत मिश्रा ने किया।

# भूख हड़ताल की दी चेतावनी एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा डीपी विप्र कालेज को आटोनामस घोषित नहीं करने के मामले को लेकर कालेज के आशीर्वाद पैनल के छात्रों ने अटल यूनिवर्सिटी में भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है। छात्रों ने सोमवार को बिलासपुर एसडीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपते हुए 17 जुलाई से भूख हड़ताल की करने की घोषणा की है।

डीपी विप्र कालेज को आटोनामस का दर्जा प्रदान नहीं करने के पर कालेज के आशीर्वाद पैनल के छात्रों ने पिछले सप्ताह अटल यूनिवर्सिटी का घेराव किया था। घेराव के दौरान कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी द्वारा तीन दिवस का समय मांगा गया था। तीन दिन की अवधि आज समाप्त हो गई है, इसलिए आशीर्वाद पैनल के छात्र आज बिलासपुर एसडीएम मनीष साहू से मिले और ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वे 17 जुलाई से यूनिवर्सिटी में भूख हड़ताल पर बैठेंगे। उनका कहना है कि पूर्व में अटल यूनिवर्सिटी के अधिकारियों द्वारा छात्रों के ऊपर षडयंत्रपूर्वक उनकी आवाज को दबाने के लए एफआईआर दर्ज कराई गई थी इसलिए हमें भी आशंका है कि हमारे ऊपर भी झूठा प्रकरण बनाकर एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। इसपर एसडीएम ने उच्च अधिकारियों से चर्चा करने की बात कही है। एसडीएम से मिलने वाले छात्रों में मनीष मिश्रा, समर्थ मिरानी, राज वर्मा, प्रवीण देवांगन, प्रद्युम्न, राहुल समुद्र, अजिंक्या, श्रीजय, दिव्यांशु, शिप्रांशु, मीनाक्षी, उर्वशी, सिया, रिद्धी, निखिल सिंह, हेमराज शर्मा, आशीष, जय कुमार, सुरेश देवांगन, राज दिनकर, प्रेम विशाल, अनिकेत, स्वमिल, राजेन्द्र, योगेश, नंदिनी आदि उपस्थित थे।

---

डॉ सीवी रमन विवि में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

# भारतीय पारंपरिक ज्ञान को भावी पीढ़ी तक पहुंचाएंः प्रो सुरेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत वर्तमान में गुरु शिष्य परंपरा की प्रासंगिकता विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता हंसराज कॉलेज के प्राध्यापक और डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर दिल्ली विवि के प्रो सुरेश कुमार गोहे मौजूद रहे। इस संगोष्ठी में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र , भाषा एवं साहित्य विभाग, सामाजिक विज्ञान विभाग एवं आइक्यूएसी द्वारा आयोजित किया गया है। इस अवसर पर प्रो सुरेश कुमार गोहे ने कहा कि सबसे बड़ी हमारी जिम्मेदारी यह है, कि हमें विरासत में जो भी भारतीय पारंपरिक ज्ञान मिला है उसमें कुछ जोड़कर भावी पीढ़ी को




उसके मूल रूप में हस्तांतरित करें। ताकि भावी पीढ़ी भारतीय ज्ञान परंपरा को जाने और समझे और विश्व गुरु बनने की राह में तेजी से आगे बढ़े । उन्होंने कहा कि हम अपनी विरासत को किस रूप में सहज रहे हैं, यह भी जानने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेने वाला प्रत्येक व्यक्ति गुरू ही होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति जीवन शैली उत्कृष्ट होने का परिणाम यह भी है कि कोविड-19 के वैश्विक संकट के समय में आज ग्रामीण और आदिवासी लोग बहुत ही सुरक्षित रहे। जबकि महानगरी सभ्यता में जीवन यापन कर रहे वे सबसे अधिक प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि हमें कौशल पूर्ण प्रशिक्षण का मेकैनिज्म डेवलप करना होगा। जिससे की कौशल के साथ बेहतर कार्य हो सके। इस अवसर पर डायरेक्टर डिस्टेंस एजुकेशन डॉ अभिषेक पाठक ने कहा कि गुरू में ऐसा बल होता है,जिससे वह अपने शिष्य के अंदर छिपी प्रतिभा और शक्ति को बाहर निकाल कर उसे योग्य बनाता है। यह ज्ञान भारतीय पारंपरिक ज्ञान में गुरु शिष्य परंपरा के माध्यम से ही है। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में उपस्थित डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय पारंपरिक ज्ञान को केंद्र में रखा गया है। हमें लौटकर इस ज्ञान को स्वीकार करना होगा। वैश्विक स्तर पर इसकी प्रासंगिकता को स्थापित करना होगा । कार्यक्रम में इंजीनियरिंग के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार तिवारी एवं डॉ गुरप्रीत बग्गा उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ महेश शुक्ला ने किया।

---

## एजुकेशन प्लस



# बीपीएस के विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बिलासपुर।** ब्रिलिएण्ट पब्लिक स्कूल बहतराई में वन–महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रैली निकाली गई।

विद्यार्थियों ने पोस्टर व बैनर के माध्यम से पौधे लगाओ, जीवन बचाओ', जल प्रदूषण,वायु प्रदूषण जैसी ज्वलंत समस्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता का आह्वान किया। हरियाली की अदालत नुक्कड़ नाटक का मंचन करते हुए विद्यार्थी कलाकारों ने धरती मां की व्यथा की जीवन्त प्रस्तुति दी। जिसमें विद्यार्थियों ने हरियाली बनाम मानव–जाति के मुकद्में को अपनी विशेष भावभंगिमा तथा तुकबन्दियों से अभिव्यक्त किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों ने गायन व नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने पेपर बैग का वितरण किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्हें सदैव अपनी नैतिक जिम्मेदारियों के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बने रहने को प्रेरित किया।

विद्यालय की निदेशक प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता ने कहा कि पृथ्वी की हरियाली को बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सबके कंधों पर है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की उप–प्राचार्या रोजमेरी लक्ष्मन, समन्वयक श्रुति देशपाण्डे, नीतू गुरूंग, रचना झा, आशीष गुप्ता, अंकित बोरकर आदि का सहयोग रहा।

## बिजनेस प्लस

# अपना मार्ट का क्रेज़ी ट्यूज डे बना सबका फेवरेट

**बिलासपुर।** आज सावन के पावन अवसर पर देश के हज़ारों घरों में बनी स्वादिष्ट साबूदाना टिक्की और इसके पीछे थी अपना मार्ट की अनोखी पहल क्रेजी ट्यूज डे। जहां हर सप्ताह एक नई रेसिपी लाई जाती है।

इस बार साबूदाना खिचड़ी को एक दिलचस्प ट्विस्ट देते हुए पेश की गई क्रिस्पी साबूदाना टिक्की। इतना ही नहीं, ग्राहकों को अपनी बनाई हुई डिश की सबसे सुंदर फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। जो फोटो



सबसे ज़्यादा आकर्षक होगी उसे मिलेगा लाइफ लॉग का आयरन – बिल्कुल फ्री! अपना मार्ट एक बार फिर साबित कर रहा है कि यह सिर्फ किराने की नहीं, बल्कि रसोई की रचनात्मकता का भी ठिकाना बन चुका है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# भोलेशंकर की भक्ति में लीन रहे भक्त

14 जुलाई को सावन के पहले सोमवार को शिव भक्त भगवान भोलेशंकर की भक्ति व आराधना में लीन रहे। शिवालयों में पहुंच कर पूजा-अर्चना की। बेलपत्र, आंक के फूल व फल अर्पित किए। कई लोगों ने जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर व्रत रखा। शिव मंदिरों में विशेष पूजा की गई। आज घनिष्ठा व शतभिषा नक्षत्र एवं आयुष्मान व सौभाग्य योग रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सावन महिने के प्रत्येक सोमवार का काफी महत्व होता है। इसी महत्ता के चलते पहले सोमवार को शिव मंदिरों में शिव भक्तों की सुबह से भीड़ रही। भजन कीर्तन व शिव पुराण का वाचन किया गया। इस दिन संकष्टी चतुर्थी पड़ने के कारण दिन का महत्व और ज्यादा रहा। लोग भोलेशंकर की पूजा करने के साथ ही सिद्धि विनायक गणेश भगवान की भी पूजा की। सावन का महीना भगवान शिव और माता पार्वती की उपासना और उनका आशीर्वाद पाने के लिए बड़ा ही लाभदायक माना जाता है।

**दूसरा सोमवार 21 को**

सावन का दूसरा सोमवार 21 जुलाई, तीसरा सोमवार 28 जुलाई, चौथा सोमवार 4 अगस्त को पड़ रहा है। इन सभी दिनों में बेल पत्र व धतूरे के फूल की मांग बराबर बनी रहेगी।

**सावन का पहला सोमवार** शिवालयों में पूजा-अर्चना कर चढ़ाए बेलपत्र, आंक के फूल, फल, लोगों ने रखा व्रत





## पारद शिवलिंग की पूजा से परिवार में रहती है शांति

सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में सावन माह में महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ चल रहा है। इसमें प्रतिदिन महारुद्राभिषेक विद्वानों द्वारा निरंतर किया जा रहा है। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि जीवन में खुशियां प्राप्त करने पारद शिवलिंग की पूजा काफी लाभकारी मानी जाती है। इससे परिवार में सुख-शांति बनी रहती है और धन-धान्य की कभी कमी नहीं होती है। आर्युवेद के अनुसार पारद शिवलिंग की पूजा करने से हाई ब्लड प्रेशर और अस्थमा जैसी बीमारियों से लड़ने में मददगार है। नवग्रहों से अनिष्ट प्रभाव से मुक्ति भी मिलती है। शिवपुराण में बताया गया है कि पारद शिवलिंग की पूजा करने से हजार गुना फल मिलता है। बताया जाता है कि पारद की उत्पत्ति भगवान शिव के अंश से हुई थी। घर में इसे रखने पर भगवान शिव, माता लक्ष्मी और कुबेर देवता का स्थायी वास होता है। परिवार के किसी सदस्य की तबीयत खराब है तो उन्हें दवाईयों के साथ पारद शिवलिंग की पूजा कराएं। पुराणों में बताया गया है कि इस शिवलिंग में संपूर्ण ब्रह्मांड का ज्ञान होता है। इस अवसर पर एडिशनल एसपी बिलासपुर गरिमा द्विवेदी, कल्पना द्विवेदी रुद्राभिषेक, पूजन किया।



**विद्यानगर शिव मंदिर**



**मसानगंज अष्टमुखी शिव मंदिर**



**पारिजात कालोनी शिव मंदिर**



### हरे परिधान में कायस्थ समाज का सावन



कायस्थ समाज महिला प्रकोष्ठ ने सावन उत्सव धूमधाम से मनाया। इस उत्सव में सभी महिलाएं हरे परिधान में सज कर आईं। सबसे पहले सभी ने अपने आराध्य देव श्री चित्रगुप्त की पूजा की। मुख्य अतिथि रुनकी अम्बष्ट प्राचार्य केपीएस ने सावन में मनाए जाने वाले व्रतों, त्योहारों के बारे में बताया। इस बीच विविध स्पर्धाएं भी आयोजित की गई।

### तारा नादम को सावन सुंदरी का खिताब



तमिल समाज की महिलाओं ने सोमवार को सावन उत्सव उत्साह से मनाया। इसमें तारा नादम को सावन सुंदरी का खिताब दिया गया। सभी सदस्यों ने मिलकर सावन पर आधारित गीत-संगीत गाकर सावन महिने का आनंद लिया। कई लकी व मनोरंजक गेम खेले गए। समाज की साधना मुदलियार ने कहा कि सावन माह के आते ही चारों तरफ हरियाली छा जाती है।

### अखंड रामायण पाठ कर किया पूजन



शुभम विहार निवासी अखिलेश द्विवेदी, सरोज, शुभम द्विवेदी के निवास पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। पं. दिनेश पांडेय ने पूजन कराया। रामायण मंडली के अखिलानंद पांडेय, ललित अग्रवाल, आरपी मिश्रा, सुरेंद्र दुबे, प्रमोद अवस्थी, भूपेंद्र यादव, प्रमोद तिवारी, आकाश शर्मा, ईश्वर तिवारी सहित अनेक सदस्यों की उपस्थिति रही।

### कांवड़िए जल चढ़ाने जा रहे बाबाधाम



सावन माह के लगते ही भजन कीर्तन, शिव पुराण, पूजा-पाठ, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक का क्रम चल रहा है। वहीं कांवड़िए जल चढ़ाने निरंतर बाबाधाम रवाना हो रहे हैं। गोंड़पारा से विनोद सोनी, बाबी अग्रवाल जल चढ़ाने बैजनाथधाम के लिए रवाना हुए। श्री सोनी ने बताया कि वे विगत 45 सालों से जल चढ़ाने बैजनाथधाम जा रहे हैं।

### भक्तों का लगा रहा तांता



श्रावण के पहले सोमवार को शुभम विहार स्थित शिव मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु भक्त भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने श्री शिवाय नमस्तुभ्यं की ध्वनि गुंजयमान करते हुए पूजा, अभिषेक किया। भगवान शिव को बेलपत्र व धतूरे के फल, फूल काफी पसंद है, इसलिए शिव भक्त सावन महिने में इसे शिव भगवान को जरूर अर्पित करते हैं।

### आनंद वाटिका में शिव आराधना



प्रभु दर्शन भवन के आनंद वाटिका में शिव आराधना के लिए श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान सेवा केंद्र की संचालिका बीके मंजू दीदी ने भगवान शिव की महिमा और सावन सोमवार के आध्यात्मिक महत्व के संबंध में बताया। भगवान शिव सभी देवों के देव और सभी मनुष्य आत्माओं के परमपिता हैं, इसलिए शिव परमात्माये नमः और सत्यम शिवम सुंदरम कहा जाता है।

**समारोह**

## लायंस क्लब स्माइल के सदस्यों ने ली शपथ, पौधे भी वितरित




**बिलासपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल लायंस क्लब 3233-सी बिलासपुर स्माइल 2025-26 का शपथ ग्रहण समारोह एक निजी होटल में आयोजित किया गया। इसमें 10 नए सदस्यों ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की एवं क्लब सदस्यों को शपथ अधिकारी बी महेश कुमार ने शपथ ग्रहण कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ मेल्विन जॉन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। रोहन मैठाणी ने नृत्य की प्रस्तुति दी। समारोह के मुख्य अतिथि पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिलीप भंडारी, विशिष्ट अतिथि पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रीत पाल बाली, डिस्ट्रिक्ट रीजन एडवाइजर एमजेएफ नितिन सलूजा, जीएलटी को-ऑर्डिनेटर एमजेएफ आशीष अग्रवाल, रीजन फॉर रीजन चेयरपर्सन बी महेश कुमार, जोन चेयर पर्सन डॉ आराधना दास, रीजन सचिव अर्चना तिवारी थे। अतिथियों ने डिस्ट्रिक्ट और क्लब प्रोजेक्ट के साथ काम करने मार्गदर्शन दिया। क्लब प्रोजेक्ट स्वास्थ्य और रोड सेफ्टी है। क्लब गतिविधि के अंतर्गत डॉ आकांक्षा तिवारी, डॉ प्रियंका, सुमित सेन का प्रमाण-पत्र, श्रीफल एवं पौधा देकर सम्मान किया गया।

**फेस्टिवल**

## अफ्रीका के इंटरनेशनल फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ी फिल्म स्क्रीन का चयन

**बिलासपुर।** अफ्रीका के मालाबों इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ी फिल्म स्क्रीन चयनित हुई है। इससे पहले यह फिल्म तमिलनाडु के रोहिप इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट इंडियन फीचर फिल्म, जलगांव इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्टर का अवार्ड जीत कर कॉलिवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल व अहमदाबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में नॉमिनी रह चुकी है। इस फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक अखिलेश पांडेय ने बताया कि उनकी यह फिल्म आज की वैश्विक समस्या पर आधारित है। इसमें हर घर की कहानी भी है। इससे पहले अखिलेश की फिल्म किरण ने 67 इंटरनेशनल अवार्ड जीतकर अपना नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया है। वर्तमान में यह फिल्म राष्ट्रीय अवार्ड के लिए शामिल की गई है। फिल्म के अतिरिक्त निर्देशक सावन वर्मा है। इस फिल्म में अखिलेश पांडेय, रेखा पटेल, आरती पांडेय, विवेक दुबे, सुनीता शर्मा, दिनेश पांडेय, मनीष भटेजा, मनमोहन, उमेश सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह चंदेल, शशि भूषण सोनी, हरीश यादव, निखिल शुक्ला, करण सिंह, अमृतेश मिश्रा, राशिद बक्स, नरेंद्र शर्मा, विनोद, गिरधर, आदित्य, नेहा तिवारी, काश्वी पांडेय, आयुष्मान तिवारी, अनन्या जयसवाल, हिमांशु ने मुख्य भूमिका निभाई है।




■ इस फिल्म को मिल चुका है कई अवार्ड

**नई पहल**

## दादा-दादी संग बच्चों ने किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** युगाब्द 5127 श्रावण मास के शुभारंभ प्रतिपदा पर द रिपब्लिक ऑफ किड्स स्कूल की प्राचार्य ज्योति यादव, एडमिन हेड अनिता व क्लास टीचर आंचल के प्रयास से प्ले कक्षा के बच्चे अपने दादा-दादीजी के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण के संतुलन की सीख ली। स्कूल प्रबंधन द्वारा बुजुर्गों के बीच कुर्सी दौड़, पासिंग द पिलो सहित मनोरंजक गेम्स कराए गए। बैंकर्स क्लब बिलासपुर के समन्वयक ललित अग्रवाल अपने पौत्र कृष्ण गर्ग के साथ पौधरोपण में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना 'एक वृक्ष मां के नाम' की दिशा में पहला कदम बताते हुए स्कूल प्रबंधन, समस्त शिक्षिकाओं व स्टॉफ का आभार व्यक्त किया और कहा कि सामान्यतः बच्चों की मासिक पालक बैठक में माता-पिता ही शामिल होते हैं। प्राचार्या ने दादा-दादी को यह सम्मान देकर एक नई पहल की है।

**अभियान**

## बच्चों को बताई गई रेड, यलो, ग्रीन सिग्नल की महत्ता



**बिलासपुर।** बहतराई सकरी की प्राइमरी एवं हाईस्कूल में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत अध्यक्ष एमजेएफ रश्मि लता मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें रेड, यलो और ग्रीन सिग्नल की महत्ता बताई गई। माइक्रो चेयरपर्सन वी श्रद्धा राव ने कक्षा 10 वीं, 11 वीं और 12 वीं के बच्चों को एकजुट कर सड़क सुरक्षा के विभिन्न नियमों, अंडर एज में गाड़ी चलाने एवं परिवहन नियमों का पालन नहीं करने से किन-किन दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, से अवगत कराया। स्कूल में सड़क सुरक्षा अभियान के नियमों के पंपलेट भी बांटे गए। स्लोगन के जरिए सड़क सुरक्षा हमारे लिए क्यों जरूरी है बताया गया। इस मौके पर लायंस क्लब वसुंधरा की सचिव अर्चना तिवारी, सलमा बेगम, कोषाध्यक्ष विनीता मिश्रा, सुधा परिहार, उषा मुदलियार, प्राचार्य अंजली गुप्ता की उपस्थिति रही। यह आयोजन डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट सड़क सुरक्षा के अंतर्गत लायंस क्लब वसुंधरा ने किया।

**कार्नर न्यूज**

## जीडीसी में दो राउंड के एडमिशन पश्चात फर्स्ट ईयर की सीटें ओपन

**बिलासपुर।** गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स डिग्री आटोनामस कालेज में दो राउंड की एडमिशन पश्चात बची हुई सीटों को सोमवार को ओपन कर दिया गया। सीट ओपन होने के बाद कालेज में एडमिशन के लिए भीड़भाड़ रही और शाम तक बीएससी बायोलाजी की सीटें फुल हो गई हैं।

जीडीसी में बीएससी बायोलाजी फर्स्ट ईयर में कुल 330 सीटें हैं और पहले लिस्ट में इसमें काफी हायर कटऑफ गया है। जनरल में बीएससी बायो में 96.83 प्रतिशत कटऑफ गया था। सेकंड लिस्ट में यह कटऑफ नीचे चला गया था। ओबीसी एवं एससी-एसटी वर्ग में कटऑफ जनरल से कम गया था। जीडीसी में फर्स्ट ईयर की कुल 1660 सीटें हैं और कालेज में स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी बायोलाजी, बीएससी बायोटेक्नालाजी, बीएससी मैथ्स, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी होम साइंस, बीकॉम, बीसीए, डीसीए, बीबीए पाठयक्रम संचालित हैं। इन पाठयक्रमों में इस सत्र में एडमिशन दिया जा रहा है। जीडीसी आटोनामस कालेज हैं इसलिए कालेज के स्वयं के आनलाइन पोर्टल के माध्यम से एडमिशन के रजिस्ट्रेशन, फार्म भराया जाता है और कालेज स्तर पर मेरिट लिस्ट निकाली जाती है। फर्स्ट ईयर के लिए कालेज की ओर से दो बार मेरिट आधार लिस्ट निकाली गई थी, उसके बाद भी लगभग 40 फीसदी सीटें खाली रह गई थी। इसलिए कालेज द्वारा आज फर्स्ट ईयर की खाली बची सीटों को ओपन कर दिया गया है। सीट ओपन होने के बाद एडमिशन के लिए छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ कालेज पहुंची थी और कालेज में थोड़ी भीड़भाड़ रही। शाम तक काफी सीटों पर एडमिशन भी हो गया था, उसके बाद भी 10-15 प्रतिशत सीटें सभी संकायों में खाली बची हुई है जिनपर 14 अगस्त तक एडमिशन दिया जाएगा।



बीएससी बायोलाजी की सीटें फुल

### दो बार निकाली जा चुकी है लिस्ट

कालेज में फर्स्ट ईयर, सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया चालू है। मेरिट आधार पर दो बार लिस्ट निकाली जा चुकी है, उसके बाद भी सीटें रिक्त रह गई थी इसलिए आज फर्स्ट ईयर की सीट ओपन कर दिया गया है। फर्स्ट ईयर की रिक्त रहने की स्थिति में 14 अगस्त तक एडमिशन दिया जाएगा।

**- एसआर कमलेश**
प्राचार्य, जीडीसी

## एग्रीकल्चर कालेज में एडमिशन के लिए आनलाइन काउंसिलिंग आज से

**बिलासपुर।** एग्रीकल्चर कालेजों में सत्र 2025-26 में एडमिशन के लिए आनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो रही है। बिलासपुर सरकंडा स्थित ठा. छेदीलाल बैरिस्टर एग्रीकल्चर कालेज में एग्रीकल्चर पाठयक्रम में बीएससी व एमएससी यूजी-पीजी दोनों ही पाठयक्रम संचालित है। इसमें बीएससी में 110 सीटें व एमएससी में 42 सीटें हैं।

■ एग्रीकल्चर कालेज में बीएससी की 110 व एमएससी की 42 सीटें

बिलासपुर में सरकंडा स्थित ठा. छेदीलाल बैरिस्टर एग्रीकल्चर कालेज इंदिरा कृषि अनुसंधान परिसर में ही संचालित है। इस एग्रीकल्चर कालेज में यूजी स्तर पर बीए आनर्स एग्रीकल्चर पाठयक्रम संचालित है, जिसमें कुल 110 सीटें हैं जिसमें 10 सीटें सेल्फ फायनेंस कोटे की है। इसके अलावा पीजी पाठयक्रमों में एग्रीकल्चर एमएससी भी संचालित हैं, जिसमें कुल 42 सीटें हैं। एमएससी एग्रीकल्चर की चार सीटें आईसीआर सेंट्रल कोटे की हैं और 38 सीट छत्तीसगढ़ कोटे की हैं। एमएससी पाठयक्रमों में एग्रोगामी, जेनेरिक प्लांट बिडिंग, एंटोमोलाजी प्लांट पैथोलाजी, वेजिटेबल साइंस, स्वाईल साइंस शामिल है। बीएससी एग्रीकल्चर में पीएटी एग्जाम के जरिए एडमिशन होता है, जबकि एमएससी पाठयक्रमों के लिए भी इंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से एडमिशन दिया जाता है।

### 15 से 21 जुलाई तक फर्स्ट राउंड काउंसिलिंग

इंदिरा गांधी एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित गवर्नमेंट व प्राईवेट एग्रीकल्चर कालेजों में इस सत्र बीएससी एग्रीकल्चर आनर्स पाठयक्रम में एडमिशन के लिए फर्स्ट राउंड की आनलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया 15 जुलाई से 21 जुलाई तक चलेगी। काउंसिलिंग में आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने वाले स्टूडेंटस को पीएटी एग्जाम की मेरिट लिस्ट के आधार पर प्रोविजनल सीट एवं कालेजों का आबंटन किया जाएगा। 16 से 18 जुलाई तक एग्रीकल्चर कालेज रायपुर में सुबह 8 बजे शाम 5.30 बजे तक दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। स्टूडेंटस को आबंटित एग्रीकल्चर कालेज की प्रोविजनल सीट को सुरक्षित करने के लिए 16 जुलाई से 19 जुलाई तक आनलाइन फीस जमा करना होगा।

### सीट नहीं मिलने पर आनलाइन देना होगा आवेदन

सीट आबंटन पश्चात यदि स्टूडेंट्स किसी कारण से सीट सुरक्षित नहीं कर पाता है और आगामी राउंड की काउंसिलिंग में भाग लेना चाहता है तो इसके लिए आनलाइन आवेदन करना होगा। ऐसे स्टूडेंट्स जिन्हें अभी तक कोई सीट आबंटित नहीं हुई है उन्हें भी स्पॉट एवं कन्वर्शन काउंसिलिंग के लिए 16 जुलाई से 19 जुलाई तक रात्रि 11.30 बजे के बीच आनलाइन आवेदन करना होगा। यदि स्टूडेंटस सीट सुरक्षित करने के पश्चात सीट निरस्त करना चाहता है और आगे किसी भी प्रक्रिया में भाग नहीं लेना चाहता है तो इसके लिए 16 से 19 जुलाई तक सीट निरस्त कर सकता है।

### शुरू हो रही काउंसिलिंग

एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए काउंसिलिंग शुरू हो रही है और काउंसिलिंग संबंधी पूरी प्रक्रिया इंदिरा गांधी एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी रायपुर से हो रही है। हमारे यहां एग्रीकल्चार कालेज में एग्रीकल्चर में बीएससी आनर्स पाठ्यक्रम में एडमिशन दिया जाएगा। इसके अलावा एग्रीकल्चर में एमएससी के पाठ्यक्रम भी संचालित है, उसमें भी एडमिशन चालू होने वाला है।

**- एन चौरे,** डीन, ठा. छेदीलाल बैरिस्टर एग्रीकल्चर कालेज



# द रिवोल्यूशनरीज का फर्स्ट लुक जारी...

**मुंबई।** द रिवोल्यूशनरीज की पहली झलक सोमवार को सामने आई है। सीरीज में भुवन बाम, रोहित सराफ और प्रतिभा रांटा एक अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, जो उनके फैंस को उत्साहित कर रहा है। ये तीनों ही कलाकारों ने इससे पहले इस तरह की भूमिका नहीं निभाई है। द रिवोल्यूशनरीज संजीव सान्याल की किताब रिवोल्यूशनरीजः द अदर स्टोरी ऑफ हाउ इंडिया वन इट्स फ्रीडम पर आधारित है। इस सीरीज की कहानी उन बहादुर युवा भारतीय क्रांतिकारियों की है जो ब्रिटिश राज को खत्म करने के लिए सशस्त्र संघर्ष को जरूरी मानते थे। द रेवोल्यूशनरी उनके जीवन, बलिदान और देश के प्रति उनके समर्पण को दिखाती है।

लाइफ Style



# उर्वशी

## मिस्ट्री मैन के साथ विंबलडन में आईं नजर

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला सुर्खियों में रहना बखूबी जानती हैं। वे अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अक्सर चर्चा में आ जाती हैं। एक बार फिर ऐसा हुआ है। दरअसल, उर्वशी विंबलडन 2025 में पहुंचीं। वे बॉबी डॉल बनकर पहुंचीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिलचस्प बात यह है कि वे यहां मिस्ट्री मैन के साथ नजर आई हैं, जिसके बाद फैंस पूछ रहे हैं कि आखिर वह शख्स कौन है? उर्वशी रौतेला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से आज रविवार को एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने विंबलडन से अपनी झलकियां शेयर की हैं। उर्वशी ने इसके साथ बताया कि वहां उनकी मुलाकात राजकुमारी केट मिडलटन से हुई। उर्वशी ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन आपसे मिलना सचमुच सम्मान की बात है। आपसे मिलना शानदार रहा।' इसके अलावा उर्वशी ने एक तस्वीर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी शेयर की है। वे पोज देती नजर आ रही हैं और उनके बराबर में एक शख्स खड़ा है। अभिनेत्री ने शख्स का चेहरा व्हाइट हार्ट इमोजी से हाइड कर दिया है। उर्वशी की यह फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई है। फैंस जानने के लिए उत्सुक हैं कि जिस शख्स का चेहरा छिपाया गया है, आखिर वह मिस्ट्री मैन कौन है? उर्वशी रौतेला व्हाइट कलर की ड्रेस में बार्बी डॉल वाले लुक में विंबलडन में पहुंची हैं। उनका स्टाइल तो चर्चा में है ही, साथ ही उनके बैग में लगीं चार

हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन के अवतार में छाए डेविड

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्म 'सुपरमैन' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हॉलीवुड स्टार डेविड कोरेन्सवेट की सुपर हीरो फिल्म 'सुपरमैन' लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। सुपरमैन ने रविवार को 7.21 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। अब तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 23.71 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। सुपरमैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी सुपरहीरो फिल्म है। यह डीसी कॉमिक्स के इसी नाम के किरदार पर आधारित है।




# प्रियंका अपनी सासू मां से धुलवाती थीं कपड़े

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा को हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में उनके काम के लिए काफी तारीफ मिल रही है। एक्ट्रेस ने हाल ही में बताया कि उन्हें भी बाकी लोगों की तरह घर का एक काम सबसे कम पसंद है। एक्ट्रेस ने शेयर किया कि उन्होंने एक बार अपनी सास को धोखा देकर यह काम करवाया था। प्रियंका चोपड़ा ने कहा था, 'कपड़े धोना मेरे लिए एक मुश्किल काम है। मुझे यह मुश्किल लगता है। मैं हमेशा किसी और से यह काम करवाने की कोशिश करूंगी।' उन्होंने याद किया कि कैसे उन्होंने अपने पति निक जोनस की मां डेनिस मिलर-जोनस से यह काम करवाया था। 'मैं कपड़े आयरन कर सकती हूं, तह करके रख सकती हूं। लेकिन, कपड़े धोने की प्रक्रिया से गुजरना वाकई बहुत मुश्किल है।



# दिल पे चलाई छुरियां में अंजलि के साथ राजू

**मुंबई।** अंजलि अरोड़ा सोनू निगम के गाने 'दिल पे चलाई छुरियां' के रीमिक्स वर्जन में राजू कलाकार के साथ नजर आई हैं, जो पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। सोनू निगम ने इस गाने में अपनी आवाज दी है और लोग राजू कलाकार को मौका देने के लिए उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कि कुछ दिन पहले सोनू ने राजू कलाकार के साथ एक रील भी शेयर किया था। 30 साल पहले का ये गाना हाल ही में अचानक वायरल हो गया और इसकी वजह राजू भट्ट यानी राजू कलाकार हैं। दरअसल राजू के दोस्त ने उनकी आवाज में ये गाना रेकॉर्ड किया और फिर सोशल मीडिया पर डाला। इसके बाद ये गाना आग की तरह सोशल मीडिया पर नजर आने लगा। यहां से रील्स बनने का भी सिलसिला शुरू हुआ और रेमो डिसूजा जैसे कई कलाकारों ने इस गाने पर रील भी बनाए। अंजलि अरोड़ा सोनू निगम के गाने 'दिल पे चलाई छुरियां' में नजर आई हैं जो 30 साल पहले आई 'बेवफा सनम' के गाने की रीमिक्स है।



# धड़क-2 के ट्रेलर पर लुटाया प्यार...

**मुंबई।** धड़क 2 का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इसके ट्रेलर में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए। प्रशंसकों को यह ट्रेलर बेहद पसंद आया। वहीं, अमिताभ बच्चन ने भी फिल्म के ट्रेलर को लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक्स हैंडल पर अमिताभ बच्चन ने फिल्म धड़क 2 का आधिकारिक ट्रेलर शेयर करते हुए इसकी तारीफ की और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'टी 5440 - सभी को शुभकामनाएं। अमिताभ की इस पोस्ट पर 'धड़क 2 की निर्माता मीनू अरोड़ा ने आभार जताते हुए लिखा, आपका आशीर्वाद और समर्थन मेरे और हम सभी के लिए बहुत मायने रखता है। धन्यवाद सर। धड़क 2 यह फिल्म प्यार, जाति और सामाजिक बंधनों की कहानी दिखाती है।

# आंखों की गुस्ताखियां से लेकर गाइड तक अंग्रेजी कहानियों पर बनी हैं ये फिल्में...

**नई दिल्ली।** 11 जुलाई को सिनेमाघरों में 'आंखों की गुस्ताखियां' रिलीज हुई है। इस फिल्म से संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है। फिल्म में शनाया कपूर के साथ विक्रांत मैसी हैं। उन्होंने फिल्म में नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाया है। यह फिल्म रस्किन बॉण्ड की शॉर्ट स्टोरी 'द आईज हैव इट' पर आधारित है। ऐसे में आज हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताने वाले हैं जो कहानी या उपन्यास पर आधारित हैं।

**थ्री इडियट्स** : साल 2009 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म 'थ्री इडियट्स' को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। यह फिल्म चेतन भगत के उपन्यास 'फाइव पॉइंट समवन' पर आधारित है। इसमें बहुत हल्के अंदाज में भारत में पढ़ाई व्यवस्था पर चुटकी ली गई है। फिल्म में यह बताने की कोशिश की गई है कि आपको जो अच्छा लगता है आप उस काम में अपना कॅरियर बनाएं।

**द नेमसेक** : फिल्म 'द नेमसेक (2006)' झुंपा लाहिड़ी के उपन्यास 'द नेमसेक' पर आधारित है। इसका निर्देशन मीरा नायर ने किया है। फिल्म को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। फिल्म में दिखाया गया है कि एक परिवार कलकत्ता से न्यूयॉर्क आने के बाद भी भारतीय परंपराओं को बनाए रखता है और कामयाबी के लिए संघर्ष करता है। फिल्म में इरफान खान और तब्बू ने अच्छा काम किया है।





**रेनकोट** : फिल्म 'रेनकोट (2004)' दो लघु कहानियों पर आधारित है। पहली ओ. हेनरी की 'द गिफ्ट ऑफ द मैगी' और मनोज बसु की 'विरोधिंशा'। फिल्म में अजय देवगन और ऐश्वर्या राय अहम किरदार में हैं। इसका निर्देशन रितुपर्णो घोष ने किया है। फिल्म में दो अलग-अलग प्रेम कहानियां दिखाई गई हैं। ये लोग एक बरसात के दिन मिलते हैं और अपने अतीत को याद करते हैं।

**गाइड** : फिल्म 'गाइड (1965)' में देव आनंद और वहीदा रहमान थे। यह फिल्म आरके नारायण के उपन्यास 'द गाइड' पर आधारित थी। इसका निर्देशन विजय आनंद ने किया था। फिल्म में दिखाया गया है कि एक टूरिस्ट गाइड की मुलाकात एक नाखुश शादीशुदा औरत से होती है। वह डांस सीखना चाहती है। उसकी मदद से वह एक कामयाब डांसर बन जाती है।

**ओमकारा** : 'ओमकारा (2006)' विलियम शेक्सपियर के नाटक 'ओथेलो' पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया था। इसमें सैफ अली खान, अजय देवगन और करीना कपूर अहम किरदार में हैं। फिल्म में अजय देवगन ने एक शक्तिशाली नेता का किरदार निभाया है, जिसे सैफ अली खान का किरदार अपनी चालाकी से धोखा देना चाहता है। फिल्म में प्रेम, विश्वासघात और प्रतिशोध भी दिखाया गया है।

# मनोज, करीना व शर्मिला को मिला नामांकन दिखाई जाएंगी गुरु दत्त की फिल्में

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी, मोहनलाल, करीना कपूर खान और शर्मिला टैगोर जैसे कलाकारों को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2025 में 'बेस्ट एक्टर' के लिए नामांकन मिला है। इसके अलावा बेस्ट फिल्म कटेगरी में होमबाउंड, कल्कि 2898 एडी, एल2: एम्पुरान, महाराज, मेयाझगन, स्त्री 2 और सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव को नामांकन मिला है।

***सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री के लिए मिला नामांकन*** :आईएफएफएम में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की दौड़ में अभिषेक बच्चन, आदर्श गौरव, ईशान खट्टर, जुनैद खान, मनोज बाजपेयी और मोहनलाल शामिल हैं। इसी तरह से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की दौड़ में अंजलि शिवरामन, करीना कपूर खान, शामला हमजा, शर्मिला टैगोर और श्रद्धा कपूर शामिल हैं।

***सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए नामांकन*** : वहीं, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक अवॉर्ड के लिए अरण्य सहाय, लक्ष्मीप्रिया देवी, नीरज घेवन, ओनिर, रीमा कागती, रीमा दास, वर्षा भरत और विपिन राधाकृष्णन को नामांकन मिला है। इन लोगों ने अपने क्षेत्र में बेहतरीन काम किया है।

***सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज के लिए नामांकन*** :

इसी तरह से सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज के लिए ब्लैक वारंट, ग्यारह ग्यारह, खौफ, कोटा फैक्ट्री सीजन 3, मनोरथंगल, पाताल लोक सीजन 2, थलेवाट्टम और त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर को नामांकन मिला है।

***वेब सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री*** : वेब सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए अनन्या पांडे, मोनिका पंवार, शबाना आजमी, तिलोत्तमा शोम, निमिषा सजयन, पार्वती थिरुवोथु और रसिका दुग्गल को नामांकन मिला है। वेब सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए अभिषेक कुमार, अली फजल, ममूटी, मानव कौल, जयदीप अहलावत, जितेंद्र कुमार और जहान कपूर को नामांकन मिला है।



### 14 से 24 अगस्त तक चलेगा फेस्टिवल

आईएफएफएम 2025 फेस्टिवल 14 अगस्त से 24 अगस्त तक जारी रहेगा। इस फेस्टिवल में खास जूरी सभी अवॉर्ड्स तय करेगी। इस फेस्टिवल में गुरु दत्त की विरासत का जश्न मनाया जाएगा। इस मौके पर उनकी फिल्में प्यासा और कागज के फूल को दिखाया जाएगा।

## सीआईडी-2 को रिप्लेस करेगा कौन बनेगा करोड़पति 17

**नई दिल्ली।** 'सीआईडी' की सफलता को देखते हुए मेकर्स इसका दूसरा सीजन 'सीआईडी 2' लेकर आए थे, लेकिन इसकी कमजोर कहानी दर्शकों को इंप्रेस नहीं कर पा रही है। यहां तक कि पुरानी कास्ट को वापस लाने का भी फायदा नहीं दिख रहा है। अब खबर है कि इसे बंद किया जा रहा है। अमिताभ बच्चन का 'कौन बनेगा करोड़पति 17' इसे रिप्लेस करेगा। करीब 6 साल के गैप के बाद फेमस क्राइम थ्रिलर सीआईडी अपने दूसरे सीजन के साथ टीवी पर लौटा था।

**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**

(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 538/RTO/25 दिनांक 08/07/2025

श्री **आरती तिवारी** (रजिस्टर्ड)। है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **इण्डसइण्ड बैंक लिमिटेड** (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या **सीजी 10 बी.पी. 0316** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे। उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:

1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

तारीख.....

**Registered Authorty**
**Bilaspur(C.G)**

**आम सूचना**

मैं धर्मपाल सिंह ठाकुर पिता मुरारी सिंह जाति क्षत्रिय उम्र 44 निवासी ग्राम चंदली पोस्ट बदरा ठाकुर जिला मुंगेली (छ.ग.) का निवासी हुं। जो कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है यह कि मेरे पुत्र का नाम विवेक सिंह ठाकुर है। जो की मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड 547857323491 में कान्हा सिंह ठाकुर दर्ज है और मेरे पुत्र के दसवीं के मार्कशीट में विवेक सिंह ठाकुर दर्ज है मेरे पुत्र मार्कशीट के नाम के हिसाब से मेरे पुत्र के आधार को संशोधन किया जाए अत: मुझे भविष्य में शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों में विवेक सिंह ठाकुर के नाम से हि जाना पहचाना जावे

शपथकर्ता
धर्मपाल सिंह ठाकुर
पिता मुरारी सिंह क्षत्रिय
निवासी ग्राम चंदली पोस्ट
बदरा ठाकुर जिला मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास सैदा सकरी बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-86, आबंटी श्री राजानंद किशोर गिदवानी पिता स्व.श्री रामचन्द्र गिदवानी को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 30.05.2013 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती शीतल महंत पति श्री ललित कुमार महंत को विक्रय करना चाहते हैं। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

क्रमांक/ / अति.तह. /वा./ 2025
बिलासपुर, दिनांक 14/07/2025

ग्राम खैरा के सर्व साधारण /आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम खैरा प.ह.नं.28, तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 334/1, शामिल 347/4, 348, 778/2, 784, 285 रकबा 0.160, 0.7330 हे. एकड़ भूमि की द्वितीय प्रति किसान किताब के लिए श्री परदेशी आ.धनीराम निवासी खैरा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 30/07/25 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 14/07/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मै श्रुती वस्त्रकार आयु 26 वर्ष पिता श्री राजेश्वर प्रसाद वस्त्रकार जाति महरा निवासी गंगा नगर फेस-2 मंगला बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूं कि :-
1. यह कि मैं उपरोक्त नाम एवं पते की निवासी हूँ। 2. यह कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी नंबर- 381 832814 है जिसमें मेरा नाम डेजी वस्त्रकार दर्ज है। जो एलआईसी कार्यालय ब्रांच-2 व्यापार विहार बिलासपुर। 3. यह कि आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम श्रुती वस्त्रकार दर्ज है जो कि सही व सत्य है। 4. यह कि श्रुती वस्त्रकार एवं डेजी वस्त्रकार दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो कि मेरा ही नाम है। 5. यह कि यह शपथ पत्र में उपरोक्त कथन के समर्थन में संबधित कार्यालय के समक्ष निष्पादित कर रही हूँ।

**शपथकर्ती-श्रुती वस्त्रकार**

// सत्यापन //

मैं श्रुती वस्त्रकार शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि कंडिका 01 से 05 तक की सभी बातें सही एवं सत्य है जिसे आज दिनांक 14/07/2025 को बिलासपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

**शपथकर्ती-श्रुती वस्त्रकार**

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं अपने पक्षकार श्री मोहम्मद शाहिद पिता मोहम्मद अकबर, निवासी-मोवा रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा भू स्वामीगण 1. श्रीमती रश्मि अग्रवाल पति गिरीश कुमार अग्रवाल निवासी चंद्रा पार्क, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 2. श्रीमती जैनब जलियावाला पति श्री अनीश जलियावाला, निवासी-शंकर नगर (सड्डू), जिला-रायपुर (छ.ग.) के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि मौजा-तालापारा, प.ह.नं. -39, रा.नि.म.-जूना बिलासपुर, विकासखण्ड-बिल्हा, तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) ख.नं. 156/108 (3402) रकबा 2040 वर्गफुट भूमि में से 1640 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है जिसका दिनांक 18.07.2025 को पंजीयन होना है।

अत: उक्त वर्णित भूमि के सौदे या विक्रय के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, अर्धशासकीय, निगम, निकाय को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 17.07.2025 तक अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में या मेरे मोबाईल नंबर में संपर्क कर प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति अवैध एवं अमान्य माना जावेगा।

सो सूचना जानें।

दिनांक: 14.07.2025

**भवदीय**
**शफीक अहमद खान, अधिवक्ता**
**पता-गली नं. 2 देवी नगर, महाराणा प्रताप चौक, बिलासपुर, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. मो. 8349235543**

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं अपने पक्षकार श्री मोहम्मद शाहिद पिता मोहम्मद अकबर, निवासी-मोवा रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा भू स्वामीगण 1. अनीश जलियावाला पिता श्री याकूब जलियावाला, निवासी-शंकर नगर (सड्डू), जिला-रायपुर (छ.ग.), 2. गिरीश कुमार अग्रवाल पिता स्व. नरेन्द्र कुमार अग्रवाल, निवासी-चंद्रा पार्क, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि मौजा-तालापारा, प. ह.नं.-39, रा.नि.मं.-जूना बिलासपुर, विकासखण्ड-बिल्हा, तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) ख.नं. 156/109 (3264) रकबा 1691 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है जिसका दिनांक 18.07.2025 को पंजीयन होना है।

अत: उक्त वर्णित भूमि के सौदे या विक्रय के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, अर्धशासकीय, निगम, निकाय को कोई आपत्ति हों तो दिनांक 17.07.2025 तक अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में या मेरे मोबाईल नंबर में संपर्क कर प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति अवैध एवं अमान्य माना जावेगा। सो सूचना जानें।

दिनांक: 14.07.2025

**भवदीय**
**शफीक अहमद खान, अधिवक्ता**
**पता-गली नं. 2 देवी नगर, महाराणा प्रताप चौक, बिलासपुर, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. मो. 8349235543**

**आम सूचना**

मैं, अपनी कार्यार्थिनी श्रीमती सरिता साहू पति स्व. दीनानाथ साहू निवासिनी वार्ड क्रमांक 46 शास्त्री नगर सरकंडा बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि, मेरी कार्यार्थिनी के वयोवृद्ध पिता श्री रामकृष्ण पिता स्व. बिसाहू राम निवासी ग्राम बिरकोना बिलासपुर छ.ग. के नाम पर सीपत चौंक, ग्राम सरकंडा प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. सरकंडा तह. व जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 736/8 रकबा 0.020 हे. भूमि जिसपर पानठेला, घड़ी दुकान, कैफे, जलेबी एवं अन्य दुकानें स्थित है। जो रामकृष्ण साहू की स्वअर्जित सम्पत्ति न होकर पैतृक सम्पत्ति है जिसे छल पूर्वक सरोवर साहू पिता सुरेश साहू एवं विभोर युगल साहू पिता दिनेश कुमार साहू निवासी ग्राम बिरकोना ने मेरी कार्यार्थिनी के भूमि पर प्राप्त वैधानिक हित से उसे वंचित करते हुए अपने नाम पर नामांतरित करा लिया है। मेरी कार्यार्थिनी ने सरोवर साहू एवं विभोर युगल साहू से दिनांक 11.07.2025 को मिलकर भूमि के पैतृक होना अवगत कराकर आपत्ति किया जिसपर उन्होने मेरी कार्यार्थिनी को यह धमकी दिया है कि, वे शीघ्र ही मेरी कार्यार्थिनी की उक्त पैतृक सम्पत्ति को अन्य व्यक्ति से विक्रय कर देंगें। अत: इस आम सूचना के माध्यम से सुचित किया जाता है कि, मेरी कार्यार्थिनी की उपरोक्त पैतृक भूमि को कोई भी व्यक्ति, समुह या संस्था क्रय या विक्रय न करे न करावे। अन्यथा उक्त भूमि पर उत्पन्न किसी भी विवाद, वैधानिक परिणाम एवं व्यय के भुगतान के लिये क्रेता एवं विक्रेता उत्तरदायी होंगें। अस्तु सूचना जन सामान्य अवगत हों।

दिनांक 14.07.2025

प्रकाशक
विवेक सिंह ठाकुर (अधिवक्ता)
महाराणा प्रताप सांस्कृतिक भवन के सामने
अरविंद नगर सरकंडा तहसील एवं जिला
बिलासपुर (छ.ग.) मो.नं. 9827111681

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग
पंडरी, रायपुर

जावक कमांक :- 717
अपील क्रमांक : FA/27/2025
पेशी दिनांक 01.08.2025

नोटिस

श्री इंक्यूपमेंट फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड विरुद्ध अपीलार्थी अक्षत जायसवाल उत्तरवादी

अपीलार्थी- श्री इंक्यूपमेंट फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड द्वारा उत्तरवादी- अक्षत जायसवाल, उम्र 26 वर्ष, आत्मज श्री ओमप्रकाश जायसवाल, निवासी मकान नं. 1098, गर्ल्स स्कूल रोड, पेण्ड्रा, तहसील- पेण्ड्रारोड, जिला बिलासपुर (छ.ग.) वर्तमान जिला-गौरेला - पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) के विरुद्ध जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बिलासपुर छत्तीसगढ़ के प्रकरण क्रमांक-CC/2016/118 आदेश दिनांक 26.06.2024 को चुनौती देते हुए उपरोक्तानुसार अपील-FA/27/2025 प्रस्तुत की गई है।

अत: आप उत्तरवादी- अक्षत जायसवाल को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक-01.08.2025 को आप स्वयं या किसी अधिवक्ता द्वारा जिन्हे अनुदेश दिए गये हों, और जो उक्त अपील से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके, छ.ग. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, श्रृंखला पीठ, बिलासपुर (छ.ग.) के समक्ष सुबह 10:30 बजे उपस्थित रहें, उक्त दिनांक को उपस्थित नही होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण की सुनवाई की जावेगी जिसकी जवाबदारी आप पर होगी।

यदि किसी कारण वश दिनांक 01.08.2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 01.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

माननीय छ.ग. राज्य उपभोक्ता आयोग के आदेशानुसार
(श्रीमती मोना चौहान)
संयुक्त रजिस्ट्रार /अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छ.ग. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, रायपुर (छ.ग.)
रजिस्ट्रार
छ.ग. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग
बस स्टैण्ड, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)

खबर संक्षेप

## कलेक्टर ने किया कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**पेंड्रा।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज पेण्ड्रा में 30 युवाओं के प्रथम बेच का नल जल मित्र का प्रशिक्षण शुरू हुआ। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने भगवान विश्वकर्मा की छायाचित्र की पूजा-अर्चना करके फीता काटकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह प्रशिक्षण पंचायत विभाग के सहयोग से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत जल वितरक संचालक पाठ्यक्रम के तहत दिया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अच्छे से प्रशिक्षण लेने कहा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण उपरांत उन्हें सर्टिफिकेट दिया जाएगा। यथासंभव सरकारी विभाग या फिर निजी क्षेत्र में उनका प्लेसमेंट किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत वे स्वयं का व्यवसाय कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ सुरेंद्र प्रसाद वैद्य, सहायक संचालक कौशल विकास प्राधिकरण डॉ. संजय शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## समाज कल्याण और सेवा कार्य को बढ़ाने बैठक



**लोरमी।** राजपूत युवा संघ द्वारा समाज सेवा लोक कल्याण दिन दुखी की सेवा और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए विभिन्न गांवों में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि प्रति मंगलवार को हनुमान चालीसा में प्रत्येक घर से एक सदस्य उपस्थित होंगे जिससे लोगों में एकता और संगठन का भाव निर्मित हो सकता है। बच्चों में अध्यात्म का बीजारोपण किया जा सकता है। महरपुर ग्रामीण ईकाई का गठन किया गया जिसमें केन्द्रीय पदाधिकारी गणेश सिंह, गेंदाराम सिंह अर्जुन सिंह अशोक सिंह फौजी उपस्थित रहे। जिसमें सर्व सहमति से नियुक्त किया है। संरक्षक दिनेश सिंह, बंसी सिंह ,अध्यक्ष रवि शंकर सिंह राजपूत,उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह शत्रुघ्न सिंह ,सचिव किशन सिं,सहसचिव सूरज सिंह कोषाध्यक्ष मनोज सिंह ,सह कोषअध्यक्ष सनत सिंह ,हनुमान चालीसा प्रभारी बलराज सिंह शिव कृपाल मेलू सिंह अर्जुन सिंह आदि शामिल हैं।

## शिवसेना के स्थापना दिवस पर स्कूलों में पाठ्य सामग्री का वितरण



**सेमरताल।** प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार एवं प्रदेश महासचिव सुनील झा के निर्देशानुसार वरिष्ठ शिवसैनिक सतीश पांडेय एवं प्राचार्य अनिल वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरताल के मार्गदर्शन में स्कूली छात्र-छात्राओं को कॉपी और पेन का वितरण किया गया। नगर महासचिव रोमेश शर्मा ने बताया कि विगत 28 वर्षों से प्रदेश महासचिव सुनील झा द्वारा 14 जुलाई को छत्तीसगढ़ शिवसेना स्थापना दिवस के रूप में स्कूलों में कॉपी और पेन का वितरण किया जाता है। इसमें स्कूल की शिक्षिका अदिति दुबे जी एवं पदमा द्विवेदी जी का सहयोग मिला। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रदेश महिला सचिव संगीता सोनी महिला जिला अध्यक्ष बिलासपुर रेवती यादव सुषमा साहू कृष्णा धीवर बलदाऊ श्रीवास शिव शंकर साहू अशोक निषाद नगर महासचिव रोमेश शर्मा पिंटू धीवर एवं समस्त शिव सैनिक उपस्थित थे।


## करंट की चपेट में आने से महिला की मौत



**तखतपुर।** टुल्लू पम्प शुरू करने के दौरान करंट की चपेट में आने से महिला की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार देवरी निवासी राम मनोहर कौशिक बिजली खम्भे से अवैध रूप से तार खिंचकर विद्युत उपयोग कर रहा था। 2 जून को प्रातः 6:30 बजे राम मनोहर की पत्नी सरोज कौशिक टुल्लू पम्प चालू करने के लिए गई तो खुले में फैले तरंगित तार से चिपक गई और उसकी मृत्यु हो गई। जिस पर पुलिस ने जांच के बाद आरोपी पति के खिलाफ धारा 116, 135 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

### निधन

## लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता



**लखराम।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता का 76 वर्ष की आयु में 14 जुलाई की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में दोपहर 12:30 बजे किया गया। वे पुत्र रविशंकर और चार पुत्रियों संगीता, पूर्णिमा, आरती, पूजा सहित भरा पूरा परिवार पीछे छोड़कर चले गए।

### सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में गूंजा हर हर महादेव

# शिवालयों में दिनभर लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

शिव आराधना का पवित्र मास सावन का प्रथम सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुजनों की भीड़ लगी रही। भक्तजन सावन सोमवार पर उपवास रखकर शिवजी को प्रसन्न करने के लिए बेलपत्ती व धतूरा, शमी पत्र अर्पित कर पूजा-अर्चना करते रहे। भक्तजनों द्वारा दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक भी किया जाता रहा। नगर के मल्हापारा स्थित प्रसिद्ध शंकर मंदिर में सावन झूले का आयोजन किया गया। झूले में माता यशोदा भगवान कृष्ण को गोद में लेकर विराजमान है।

सावन माह शिव आराधना का पवित्र मास माना जाता है। पूरे सावन माह पर श्रद्धालुजन शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना करते हैं। सुबह से ही मंदिरों में श्रध्दालुओं का तांता लगना प्रारंभ हो गया था। भोलेनाथ के दर्शन के लिए हांथों में पूजन सामग्री लेकर लोग लाईन में लगकर प्रतीक्षा भी करते रहे। नगर के प्रमुख नंदी चौक स्थित खेमगिर शंकर मंदिर, शिव मंदिर खर्राघाट, शिव मंदिर बुधवारी, शिव मंदिर सेतगंगा, सोनार पारा स्थित शंकर मंदिर में पहले सावन सोमवार पर भक्तजन पूजा-अर्चना करते रहे। नगर के मल्हापारा स्थित प्रसिद्ध शंकर मंदिर में सावन झूले का आयोजन किया गया। झूले में माता यशोदा भगवान कृष्ण को गोद में लेकर विराजमान है। शाम को बड़ी संख्या में महिलाओं एवं दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। मंदिर में पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में विशेष सजावट किया गया है। सावन माह भर शिवलिंग पर दूध, बेलपत्र, धतुरे से अभिषेक किया जाएगा। मल्हापारा स्थित नगर का सबसे प्राचीनतम खेमगिर का शंकर मंदिर में भगवान भोले की विशेष पूजा अर्चना पूरे माह भर चलेगी। खर्राघाट स्थित गणेश्वर महादेव, बड़ा बाजार स्थित शिव मंदिर, सोनारपारा स्थित शिव मंदिर एवं नगर के अन्य प्रमुख शिव मंदिरों पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। नगर की सबसे प्राचीनतम मंदिरों में से एक मल्हापारा स्थित शंकर मंदिर का विशेष स्थान हैं। तालाब के किनारे बने इस मंदिर पर आकर्षक शिवलिंग हैं। पास में ही पार्वती मैया एवं गणेश जी विराजमान हैं ऐसी मान्यता हैं कि नगर में पुराने साधू सन्यासियों का अखाड़ा हुआ करता था। बाबा खेमगिर के द्वारा इस मंदिर का निर्माण कराया गया था। मुख्य मंदिर के बगल से ही खेमगिर बाबा की समाधी भी वहीं स्थित हैं।



मंदिर में पूजा करतीं महिलाएं।

## भू-फोड़ महादेव श्रीलटेश्वर नाथ में हुआ जलाभिषेक



**मस्तूरी।** सावन माह के पहले सोमवार को भगवान श्री लटेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने श्रद्धालुओं का पूरे दिन तांता लगा रहा। लटिया तालाब के मेंढ़ पर विशालकाय बरगद के समीप विराजमान भू-फोड़ महादेव श्रीलटेश्वर नाथ में जलाभिषेक करने दूर दूर से भक्त पहुंचते रहे और बोल बम के जय घोष के साथ पूरी श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना की। महिलाओं ने भी हाथ में थाल लिए पूजा सामग्री रख भगवान श्री लटेश्वरनाथ को जल दूध से जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। समीपस्थ ग्राम हिर्री में लीलागर नदी के समीप स्थित भू फोड़ शिवलिंग में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इस मंदिर प्रांगण में सावन माह भर रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है।

## शिव मंदिर में गूंजा-हरहर महादेव..



**लोरमी।** सावन के पहले सोमवार को आसपास के क्षेत्रों में शिवालयों में जलाभिषेक व पूजन किया गया। शिव मंदिरों में सावन के पूरे महीने रुद्राभिषेक चलेगा। पहला सावन सोमवार 14 जुलाई को मंदिरों में सुबह से भोलेनाथ की विशेष पूजन शुरू हुआ। लोरमी शहर के प्रसिद्ध शिवघाट स्थित शिव मंदिर, महामाया रोड स्थित शिवलिंग, श्रीराम जानकी मंदिर, सिद्धबाबा आश्रम रामहेपुर बाबाघाट के शिवमंदिर, बाजार मोहल्ले के शिवमन्दिर, ग्राम पाली के पालेश्वरनाथ मंदिर के प्रसिद्ध शिवलिंग में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## हर हर महादेव की जयकारे से शिवमय हुआ नगर

**मल्हार।** भगवान शंकर के विशेष आराधना का पवित्र सावन माह के पहले सोमवार को धर्मनगरी मल्हार के प्रसिद्ध स्वयं भू भगवान पातालेश्वर महादेव मंदिर में हजारों शिवभक्तों ने पूजा की। सुबह से ही श्रद्धालु बोल बम हर हर महादेव के जयकारे के साथ मंदिर पहुंचने लगे थे जिससे पूरा नगर शिवमय हो गया था।

सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं व युवतियों की रही जिन्होंने भगवान शंकर को प्रसन्न करने पूजा की थाली में गंगाजल, दूध, पंचामृत, शहद, शक्कर, चावल, बेलपत्र, कनेर, आंक, धतूरा, कमल, मंदार, शमीपत्र, भांग, गुलाल, चंदन, धूप, दीप, नैवेद्य सहित विभिन्न प्रकार की सामग्रियों के साथ पूजन कर मनवांछित फल की कामना की। मंदिर के पुजारी ताराचंद अवस्थी ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को 5 हजार से ज्यादा लोगों ने भगवान पातालेश्वर में पूजन व जलाभिषेक किया। सुबह 4 बजे से ही भक्तों की भीड़ मन्दिर में लग गई थी जो शाम तक अनवरत चलता रहा। सावन के विशेष महत्ता के कारण भगवान शंकर के साधक जलाभिषेक करने पहुच रहे हैं। शिवभक्तों को विशेष आराधना जिसमें रुद्राभिषेक, महामृत्यंजय मंत्र जाप के अलावा अन्य अनुष्ठान कराने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आज दूर दूर से कांवड़ियों के कई जत्थे भी पहुंचे जिन्होंने विभिन्न सरोवरों व पवित्र नदियों के जल को शिवलिंग में अर्पित कर भोलेनाथ से वरदान मांगा।



## शिवालयों में सुबह से लगा रहा भक्तों का तांता



**तखतपुर।** सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में भक्तों का सुबह से देर शाम तक जलाभिषेक करने के लिए तांता लगा रहा। भगवान शिव को प्रिय और पूजा करने के लिए पवित्र माह सावन की शुरुआत हो गई है। सावन के पहले सोमवार को लोग श्रद्धा सहित महादेव का जलाभिषेक किया। पंडित जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि पूरे सावन में भगवान शिव को जलाभिषेक कर उसकी पूजा अर्चन की जाती है। और भगवान महादेव को प्रसन्न करने के लिए भक्ति साधना भी करते हैं। पूरे सावन भर भक्ति भाव से महादेव की पूजा की जाती है। सावन के सोमवार को जो महादेव का प्रिय वार है के दिन विशेष पूजा करना किया जाता है। आज पहला सोमवार होने कारण नगर के सभी शिवालयों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा और देर रात तक भक्त महादेव पर जलाभिषेक करते रहे।

# शालेय शिक्षक संघ ने डीईओ का किया स्वागत

**तखतपुर।** छग शालेय शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल ने नए डीईओ का स्वागत किया। ब्लॉक अध्यक्ष विजय जाटवर ने कहा कि नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी काफी अनुभवी हैं, इसके पूर्व वे तखतपुर तथा कोटा के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर रह चुके हैं ।

आज प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से उनसे सार्थक चर्चा हुई जिसमें पूर्व की चार सूत्रीय मांगों से उन्हें अवगत कराया। डीईओ विजय टांडे ने कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार प्राथमिकता होनी चाहिए। कुछ अधिकारियों द्वारा शिक्षा विभाग की छवि को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है, जिसे किसी भी परिस्थिति मे बर्दास्त नही किया जाएगा। संगठन की ओर से प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष मनोज पवार, विजय जाटवर, जिला उपाध्यक्ष राकेश डहरे, गणेश शिवहरे, भागवत जायसवाल, जीपी उपाध्याय, मिर्जा, शशिकांत जांगड़े, वासिम बेग, रविन्द्र भारती, राजेश तिवारी, गौरव भट्ट, मिलउ राम यादव, अवनीश तिवारी, संजय राजपूत, राजेश कौशिक, राकेश सोनी, सन्नी देवल मंडावी, ईश्वर कश्यप, मनीष प्रसाद, ओमकार साहू, नितेश सोना राजा शामिल रहे।



# मुक्तिधाम में शेड नहीं होने की वजह से दो दिन बाद किया अंतिम संस्कार

**लोरमी।** ग्राम पंचायत गाड़ाटोला के मुक्तिधाम में शेड नहीं होने से गांव की दो बुजुर्ग महिलाओं का अंतिम संस्कार दो दिन बाद करने का मामला प्रकाश में आया है। हिन्दू संस्कृति में अंतिम संस्कार को महत्वपूर्ण माना जाता है, जिसके अनुसार पंचतत्व से बने मानव शरीर को जलाने की प्रथा है।

लेकिन ग्राम पंचायत गाड़ाटोला स्थित मुक्तिधाम में सुरक्षित शेड निर्माण नहीं होने से मौसम तय करता कि किसी का अंतिम संस्कार कब होगा। जानकारी के अनुसार गांव में दो वृद्ध महिलाओं का निधन हो गया, लेकिन भारी बारिश के चलते उनका अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका एवं शवों को 2 दिनों तक घर में रखना पड़ा। इससे मानवता शर्मशार होती रही एवं लोग विविश नजर आए।



**स्वीकृति प्रदान नहीं**

मेरे कार्यकाल में लगातार मांग की गई, लेकिन आज तक स्वीकृति प्रदान नहीं की जा सकी।

-भानु खांडे, पूर्व सरपंच

**कार्यवाही की जाएगी**

संज्ञान में लेकर वस्तुस्थिति से अवगत होकर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

- अजीत पुजारी, एसडीएम

# सीपत प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन




**सीपत।** सीपत प्रेस क्लब भवन में सोमवार को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से प्रेस क्लब का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर प्रदीप पांडेय को एक बार फिर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वे लगातार तीसरी बार और कुल चौथी बार इस पद पर निर्वाचित हुए हैं। प्रेस क्लब के अन्य पदों पर भी पुराने और अनुभवी चेहरों को दोबारा मौका मिला है। देवेश शर्मा को पुनः सचिव चुना गया, जबकि आशुतोष गुप्ता को एक बार फिर कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। सतीश यादव को लगातार दूसरी बार सह-सचिव पद मिला है। प्रेस क्लब में नए चेहरों को भी स्थान दिया गया है। जिसमे कोमल पटनवार को उपाध्यक्ष बनाया गया है, वहीं चंद्र प्रकाश गुप्ता को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। प्रेस क्लब के संरक्षक पद पर राजेंद्र धीवर यथावत बने रहेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने अपने निर्वाचित होने के बाद कहा कि, मैं लंबे समय से पत्रकारों के हित में काम कर रहा हूं। इस दौरान रियाज अशरफी, हिमांशु गुप्ता, कासिम अंसारी, हरीश गुप्ता, मोहम्मद नजीर, कमल गुप्ता, धर्मेंद्र पाण्डेय, अंजनी साहू और ओमगिरी गोस्वामी सहित कई पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# वन्यजीवों ने एक साथ दो जगह किया मवेशियों का शिकार

**लोरमी।** एटीआर स्थित बफर क्षेत्र के सुरही के भुरकुंन बेरियर से कुछ किलोमीटर के दूरी में ग्राम जमुनाही के दो किसानों के दो मवेशियों को हिंसक वन्यजीवों ने शिकार बनाया है। पीड़ितों ने शासन से मुआवजे की मांग की है।

जानकारी के अनुसार एटीआर के बफर क्षेत्र के कक्ष क्र. 534 एवं कक्ष क्र. 527 स्थित ग्राम जमुनाही निवासी राजू यादव एवं नीलकंठ यादव के मवेशी जंगल में रोज की तरह चरने गए थे लेकिन शाम होने के बाद दोनों ग्रामीणों के दो मवेशी वापस नहीं आए। ग्रामीणों ने मवेशियों की खोज की तब अगले दिन शाम को अलग अलग जगहों पर अपने मवेशी की मृत शरीर मिला, जिसका शिकार हिंसक वन्यजीवों ने किया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वनविभाग के पैदल गार्ड एवं बीट गार्ड को दी।

पैदल गार्ड बाल कुमार ने घटनास्थल पहुंचकर मवेशी के मृत शरीर एवं वन्यजीव के पद चिन्ह का फोटो लिया। एटीआर बफर जोन के एसडीओ मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले में जांच करवाकर जल्द ही पीड़ितों को विधिवत मुआवजा राशि दी जाएगी।



### पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प

# हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली अभियान के तहत पौधरोपण

**मुंगेली।** स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने 'हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली' अभियान के 9वें वर्ष का शुभारंभ बीआर साव स्कूल मैदान में 30 पौधों के रोपण के साथ किया। नीम, बादाम, कदम और गुलमोहर जैसे छायादार और पर्यावरण हितैषी पौधों को ट्री गार्ड से सुरक्षित करते हुए एक बार फिर हरियाली की ओर सार्थक कदम बढ़ाया गया।

संस्था के संयोजक रामपाल सिंह ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से निरंतर चल रहे इस अभियान का उद्देश्य न केवल पौधरोपण करना है, बल्कि मुंगेली और इसके आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते तापमान, गिरते जल स्तर और घटती हरियाली के प्रति जनजागरूकता लाना भी है। संस्था अध्यक्ष महावीर सिंह ने कहा हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे और उनका पालन-पोषण भी उतनी ही जिम्मेदारी से करे। संस्था के सचिव विनोद यादव ने बताया कि अब तक संस्था द्वारा 2 हजार से अधिक पौधों को ट्री गार्ड सहित और 3 हजार से अधिक पौधों को फेंसिंग युक्त स्थानों पर रोपित किया गया है। हेमंत वैष्णव ने संस्था को 5 बड़े पौधे भेंट किए, जो उनके प्रकृति प्रेम का परिचायक है।इस दौरान प्रमुख रूप से राजेंद्र चंद्रवंशी, प्रभाकर सिंह, अरविंद रूपवानी, धनेश्वर साहू, प्रद्युम सिंह, आयुष केशरवानी, मयंक वैष्णव, स्टार्स ऑफ टुमॉरो के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, सतपाल मक्कड़, दिनेश गोयल, गोखलेश सिंह, विकास जैन, देवेंद्र परिहार, आशीष सोनी, रणवीर सिंह, नीलेश केशरवानी, सूरज मंगलानी, मुकेश पांडेय, कोमल चौबे, आशीष सिंह, सुनील वाधवानी, रघुराज सिंह, रॉकी सलूजा, पप्पू शर्मा, आर्या सिंह, श्रेयांश बैद आदि मौजूद थे।



पौधरोपण करते सदस्य।

# हैप्पीनेस प्रोग्राम का समापन



**लोरमी।** आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार द्वारा खेल केंद्र पुराना प्राइमरी स्कूल में आयोजित हैप्पीनेस प्रोग्राम का रविवार को समापन हुआ। इस आयोजन में क्षेत्र के आसपास के लोग शामिल हुए। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक हरजिंदर छाबड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम में योग, ध्यान, प्राणायाम और सुदर्शन क्रिया के साथ-साथ जीवन जीने की कला के ज्ञान सूत्र लोगों को सिखाए गए। इस कार्यक्रम से प्रतिभागियों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभ मिला। प्रतिभागियों का अनुभव बहुत ही सुंदर रहा। सभी प्रतिभागियों द्वारा सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में भजन , कीर्तन , ज्ञान चर्चा व ध्यान किया गया। जिसका आनंद सत्संग में शामिल लोगों ने उठाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के वालंटियर धनेश साहू, धर्मेंद्र साहू, राकेश तिवारी, सूर्यकांत शर्मा, गोपाल अग्रवाल, रूपेश साहू, डॉक्टर राजेंद्र द्विवेदी, मनीष साहू, निखिल मौर्य, लीना छाबड़ा, प्रेमा अग्रवाल ,अनीता साहू, नीलिमा ज्योतिषी,प्राची साहू, कमलेश श्रीवास, बिहारी यादव, प्रमोद जायसवाल,चिन्टु मिश्रा आदि वालंटियर सक्रिय रहे।

## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में महिला नाबालिग सहित 8 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** मारपीट कर युवक की हत्या करने के बाद लाश डबरी में फेंकने वाले महिला नाबालिग सहित 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 12 जुलाई की शाम लापता नयापारा गणेश नगर निवासी कैलास ध्रुव की एक मकान के पीछे डबरी में लाश मिली थी। जांच में खुलासा हुआ कि छेड़खानी को लेकर कुछ लोगों के द्वारा उसके साथ मारपीट की गई थी। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद गणेश नगर नयापारा निवासी धर्मेन्द्र पात्रे उर्फ पुकलू पिता बुधवार दास पात्रे 28 साल, उसके भाई जयंत पात्रे उर्फ कोंदा 30 साल, रितु पात्रे 18 साल, अजय दास पात्रे 34 साल, मनीषा केसकर पिता स्व. भूषण प्रसाद केसकर 32 साल, करन नवरंग उर्फ परेवा पिता किशनलाल नवरंग 25 साल, उसका भाई काजू नवरंग 22 साल व एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।

### बच्चों के लिए आंकलन शिविर 21 से

**बिलासपुर।** समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के चिन्हांकन, आवश्यक उपकरण एवं उपचार का आकंलन एवं प्रमाणीकरण के लिए 21 जुलाई से 29 जुलाई तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकासखण्ड स्तरीय शिविर के तहत विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र मस्तूरी में 21 जुलाई, कोटा में 22 जुलाई, तखतपुर में 23 जुलाई को शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार बिल्हा ग्रामीण एवं शहरी के लिए 25 जुलाई को पंडित देवकीनंदन दीक्षित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर में एवं समस्त विकासखंड के लिए 29 जुलाई को पंडित देवकीनंदन दीक्षित कउमावि बिलासपुर में जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर निर्धारित तिथि को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र, नवीनीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किए जाएंगे।

### आईटीआई नेवरा में प्रवेश के लिए पंजीयन 16 से

**बिलासपुर।** शासकीय आईटीआई नेवरा में प्रवेश सत्र 2025-26 में संचालित एकवर्षीय कोपा में एवं शासकीय आईटीआई कोटा में द्विवर्षीय व्यवसाय फिटर व इलेक्ट्रीशियन एवं एकवर्षीय व्यवसाय कोपा व स्टेनो (हिंदी) में प्रवेश के लिए 16 से 23 जुलाई तक पुनःआवेदन करने रजिस्ट्रेशन पोर्टल खुला है। प्रवेश के लिए इच्छुक आवेदक स्वयं अथवा किसी भी लोक सेवा केंद्र के माध्यम से वेबसाइट cgiti. admissions.nic.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### रोजगार पंजीयन को आधार से लिंक करवाना जरूरी

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बिलासपुर में रोजगार पंजीयन ऑनलाइन वेबसाइट erojgar.cg.gov.in अथवा प्ले स्टोर पर उपलब्ध छत्तीसगढ़ रोजगार एप के माध्यम से अथवा कार्यालय में समस्त दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर करवाया जा सकता है। वर्तमान में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बिलासपुर में रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करवाना अनिवार्य है। वर्ष 2024 के पूर्व कार्यालय में पंजीकृत आवेदकों से कहा गया है कि वे किसी भी दिन कार्यालय में उपस्थित होकर अपने रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करवा सकते हैं।

---

**बार-बार बुलाने से हलाकान हुआ अंबिकापुर निवासी** | प्रमाणपत्र के लिए पौने दो महीने में चार बार दी जा चुकी है पेशी

# बेटी के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए दो महीने से सिम्स के चक्कर काट रहा पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ सात दिन के अंदर मिलना था प्रमाण पत्र

सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार संस्थागत मामलों में मृत्यु के एक सप्ताह के भीतर परिजन को मृतक का मृत्यु प्रमाणपत्र जारी हो जाना चाहिए, इसके विपरीत सिम्स के रजिस्ट्रार, जन्म एवं मृत्यु विभाग द्वारा कैंसर से मृत बेटी के पिता को बीते पौने दो महीने से मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए चक्कर लगवाया जा रहा है।

पीड़ित व्यक्ति अंबिकापुर निवासी है, जिसे मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए पौने दो महीने में चार बार पेशी दी जा चुकी है, लेकिन प्रमाणपत्र नहीं दिया जा रहा। अंबिकापुर निवासी सुरेश कुमार धुरी की बेटी कु. सुमन धुरी को कैंसर की शिकायत होने के कारण सिम्स में भर्ती किया गया था, जहां 23 मई 2025 को उसने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चूंकि बच्ची की मौत शासकीय अस्पताल में हुई थी, जिससे शासन के नियमों के अनुसार सात दिवस के भीतर परिजन को प्रमाणपत्र जारी किया जाना था। पिता द्वारा प्रमाणपत्र के लिए 3 जून को सिम्स से संपर्क किया गया, लेकिन उसे 12 जुलाई को आने की बात कही गई। इधर 12 जुलाई को फिर सिम्स जाने पर उसे 20 अगस्त को आने की बात कहकर चलता कर दिया गया। मृतिका का पिता अंबिकापुर निवासी है, जो मजदूरी करके अपना व परिवार की आजीविका चलाता है। सिम्स प्रशासन द्वारा बार-बार बुलाने व अंबिकापुर से बार-बार प्रमाणपत्र के लिए आने के कारण मानसिक रूप से परेशान भी हो चला है।

इस संबंध में उसने 14 जुलाई को जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग से भी संपर्क किया था, जिस पर विभाग के अधिकारियों ने न केवल सिम्स के रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु पर नाराजगी जाहिर की, बल्कि समन्चय स्थापित कर अतिशीघ्र प्रमाणपत्र जारी करने के निर्देश भी दिए।

### दो माह बाद जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग से अनुमति

बच्ची की मौत के बाद अस्पताल से शव बाहर निकलने के पहले ही सिम्स प्रशासन द्वारा पीला प्रपत्र भरवाया गया था। इसी के आधार पर संबंधित को मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किया जाना था। संबंधितों से पीला प्रपत्र भरवाए जाने का सीधा अर्थ है कि रजिस्ट्रार तक बच्ची की मृत्यु की जानकारी उसी दिन पहुंचाई जा चुकी थी। इस आधार पर एक सप्ताह के भीतर इन्हें ही प्रमाणपत्र जारी कर देना चाहिए था। इसके विपरीत सिम्स के रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु द्वारा सिम्स से प्रमाणपत्र जारी करने की बजाए करीब पौने दो महीने बाद 14 जुलाई को जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग से प्रमाणपत्र के लिए अनुमति मांगी जा रही है।

### सात दिनों में देना चाहिए प्रमाणपत्र

सारे शासकीय अस्पताल संस्थागत की श्रेणी में आते हैं। यहां रजिस्ट्रार को सूचना प्राप्ति के सात दिवस के भीतर मृतक के परिजन को अनिवार्य रूप से मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करना होगा। निर्धारित अवधि में प्रमाणपत्र जारी नहीं होने की दशा में जवाबदेही पूरी तरह रजिस्ट्रार की होगी।

**-अतुल कुमार**, सहायक संचालक एवं प्रभारी रजिस्ट्रार, जिला जन्म एवं मृत्यु विभाग

---

सोमवार शाम को भी आधे घंटे तक फंसे रहे लोग, एंबुलेंस भी नहीं निकल सकी

# 13 करोड़ की स्वीकृति, जगह की कमी ने रोका बृहस्पति बाजार मल्टीलेवल मार्केट का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ पार्किंग की व्यवस्था नहीं, सड़क पर ही वाहन खड़ा करते हैं लोग

शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल मार्केट बनाने का मामला अटक गया है। इसे पहले मिशन अस्पताल परिसर में बनाने की बात थी लेकिन वह मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है। इसके अलावा निगम के पास और कोई दूसरी जगह करीब में नहीं है। खास बात है कि इस सब्जी मार्केट के लिए जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) फंड से 13 करोड़ 39 लाख रुपए स्वीकृत भी हो गए। ठेका प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी। इसके बाद लेकिन मामला रुक गया। फिलहाल यहां हमेशा ही जाम लगा रहता है। खास तौर पर शाम को तो निकलना मुश्किल हो जाता है। सोमवार शाम को भी यही स्थिति थी और आधा घंटे तक लोग अपनी जगह से हिल नहीं सके। एक एंबुलेंस भी काफी देर तक फंसी रहा।

बृहस्पति बाजार शहर का प्रमुख सब्जी बाजार है। यहां सुबह से भीड़ लग जाती है। पार्किंग की कोई खास व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर ही लोग गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। सब्जीवाले भी सड़क पर सब्जी बेचते हैं। इसके साथ ही फलवालों के ठेले भी सड़क को घेर लेते हैं। इसकी वजह से हमेशा जाम की स्थिति रहती है। यहां फल ठेले वालों के लिए भी कोई जगह सुनिश्चित नहीं है। इसकी वजह से उन्हें सड़क पर ठेले लगाने पड़ते हैं। बृहस्पति बाजार होने की वजह से उन्हें भी यहां पर फल ठेला लगाना होता है। छत्तीसगढ़ स्कूल चौक से फल ठेला लगने लगते हैं, जो मिशन स्कूल होते हुए देवकीनंदन स्कूल तक लगते हैं।



बृहस्पति बाजार में रोजाना लगता है जाम।

### ग्राउंड फ्लोर पर बनेंगे 242 चबूतरे

बृहस्पति बाजार पुनर्विकास योजना के तहत नगर निगम बाजार स्थल पर एक मंजिला भवन तैयार करेगा। इसके ग्राउंड फ्लोर पर 250 दुकानदारों को चबूतरे उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा सब्जी विक्रेता अपना कारोबार कर सकें। फर्स्ट फ्लोर पर थोक विक्रेताओं के लिए 66 दुकानें उपलब्ध कराई जाएंगी। बाजार में टॉयलेट और पीने के पानी की भी सुविधा रहेगी। वर्तमान में इसका अभाव है। वर्तमान में जिस चबूतरें पर व्यापारी सब्जी का व्यवसाय कर रहे हैं, उसका आकार छह बाई आठ का है जबकि नए चबूतरे 7 बाई 10 के होंगे। इसके अलावा प्रत्येक चबूतरे के नीचे स्टोरेज के लिए दरवाजे की सुविधा के साथ स्थान भी मिलेगा। यहां व्यापारी अपना सामान रख सकेंगे। इसके साथ ही भवन के बेसमेंट में 50 कार और 170 बाइक एक समय में पार्क किया जा सकेगा। नए भवन में लिफ्ट, सीढ़ी, पानी की सुविधा और आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम तैयार किया जाएगा।

### सर्वसुविधायुक्त होगा नया मार्केट

मौजूदा स्थिति में बृहस्पति बाजार में 450 चबूतरे और 30 से ज्यादा गोदामनुमा दुकानें हैं। हालांकि चिल्हर में सब्जी बेचने वालों की संख्या 600 से ज्यादा है। ऐसे में इन्हें बाजार के बाहर सड़क किनारे अस्थायी सब्जी दुकान लगानी पड़ती है। ऐसे भी सब्जी बेचने वाले हैं, जिन्हें दुकान लगाने के लिए जगह तक नहीं मिल पाती, ऐसे में इन्हें फेरी लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सब्जी खरीदने पहुंचने वालों को भी अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। इस तरह की दिक्कतों को देखते हुए ही डीएमएफ फंड से मल्टी लेवल सब्जी बाजार निर्माण का निर्णय लिया गया है।

### दोनों तरफ से सीढ़ी और लिफ्ट की सुविधा

ध्यान रहे कि बृहस्पति बाजार की डिजाइन तैयार करने के लिए नागपुर के बुधवारी बाजार महल मार्केट के रिडेवलपमेंट स्कीम का सहारा लिया गया है। योजना का डीपीआर शासन द्वारा निर्धारित पिल्लीवार एसोसिएट्स रायपुर ने तैयार किया है। इसमें दोनों तरफ से सीढ़ी और लिफ्ट की सुविधा रहेगी। साथ ही महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग वाशरूम होंगे। एक तरह से यह सुपर मार्केट या माल की तरह रहेगा। दावा है कि गर्मी और वर्षाकाल में भी व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को राहत रहेगी। थोक मार्केट भी यहीं होने से चिल्हर विक्रेताओं को भाग दौड़ से मुक्ति मिलेगी।

### तकनीकि कारणों से रुका है काम

बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल मार्केट बनाने की योजना पर काम जारी है। इसके लिए जिला खनिज न्यास से राशि भी मिल गई है। कुछ तकनीकि कारणों से काम रुका है। जल्द ही बाजार बनाने का काम शुरू होगा।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

---

# एक साथ 4 युवतियों की तबियत बिगड़ी, 1 की मौत, मचा हड़कंप



अस्पताल में भर्ती युवतियां।

**बिलासपुर।** बाहर से आकर शहर में काम करने वाली 4 युवतियों की एक साथ तबियत खराब होने व एक की मौत होने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने अस्पताल में भर्ती युवतियों का बयान लिया है। सभी ने उल्टी दस्त होने से बीमार होना बताया है।



मृतका।

शुक्रवार की शाम सिरगिट्टी क्षेत्र में रहकर एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाली 4 युवतियां बीमारी हो गई थीं। अस्पताल ले जाने पर अनूपपुर कदमसरा निवासी प्रियंका सिंह पिता अर्जुन सिंह की मौत हो गई। वहीं अंजली, ज्योति सिंह व एक अन्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतका के पिता से पूछताछ की तो उसने बताया, यहां काम करने के दौरान उसकी तबियत खराब हो गई थी। पूर्व में भी उसकी तबियत खराब हुई थी। मृतका की रूममेट संतोषी सिंह ने बताया, प्रियंका सेंटर में काम कर रही थी। तबियत खराब होने पर वह उसे रूम लेकर आई। कुछ भी खाने में उसे उल्टी हो रही थी। चक्कर आने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए थे। इसी तरह अंजली, त्योति सिंह ने भी बताया, उन्हें उल्टी दस्त की शिकायत हो रही थी। बहरहाल शनिवार को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलास हो पाएगा।

### बड़ी संख्या में बाहरी युवतियां रह रही हैं

स्थानीय लोगों का कहना है सिरगिट्टी गोविंदनगर में लंबे समय से चार लोगों के द्वारा एक निजी कंपनी चलाई जा रही है। जहां बड़ी संख्या में 18 से 19 साल की लड़की कंपनी में सेल्समैन का काम कर रही हैं। कंपनी के द्वारा उन्हें रहने के लिए मकान उपलब्ध कराया जाता है। वेतन के रूम पर उन्हें कम रकम दी जाती है। कंपनी के लोगों के द्वारा बाहर से लड़कियों को लाकर शोषण कर प्रताड़ित किया जाता है।

### जांच की जाएगी

निजी कंपनी की जांच की जाएगी। उन्होंने कंपनी चलाने के लिए शासन से अनुमति ली है कि नहीं, नियमानुसार कार्य नहीं होने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**-निमितेश सिंह परिहार**, सीएसपी

---

# एक ही रात 5 मकानों व 1 दुकान का टूटा ताला

**मोपका विवेकानंद रेसीडेंसी, अशोक नगर में हुई वारदात**

■ लाखों के जेवर नकद चोरी

**बिलासपुर।** बीती रात चोरों ने सरकण्डा क्षेत्र में आतंक मचाते हुए 5 सूने मकानों व एक दुकान का ताला तोड़कर चोने चांदी के जेवर व नकद पार कर दिया।

सरकण्डा विवेकानंद रेसीडेंसी चिल्हाटी निवासी घनश्याम कुमार पिता मोती लाल सिंह ने बताया, 14 जुलाई की सुबह 6.30 बजे वे कालोनी में टहल रहे थे। उन्होंने देखा कि कालोनी में नितेश रंजन के मकान का दरवाजा खुला हुआ था। वे लेखराम पलेरिया एवं मनमोहन प्रसाद गुप्ता के साथ जाकर देखे तो उनके घर के दरवाजे का कुंदा कटा हुआ था। अंदर में सामान बिखरे पड़े थे और तीन आलमारी टूटी हुई थी। उन्होंने मकान मालिक को फोन से चोरी की जानकारी दी। मकान मालिक श्री रंजन ने बताया कि वे 5 जुलाई से बिहार में हैं। आलमारी में 50 हजार रुपए नकद व बहुत सारे कीमती जेवर रखे थे, मकान मालिक के लौटने के बाद चोरी गए सामान का आंकलन हो पाएगा। घनश्याम कुमार ने बताया, उनकी कालोनी में बी 24 रौशन सिंह, ए/ 9 असलम खान, बी 10 बीपी सिंह, गायत्री होम्स में श्री साहू के सूने मकानों में कुंदा काटकर चोरी की गई है। सभी मकान मालिक बाहर गए हुए हैं, उनके लौटने के बाद चोरी गए सामानों का आंकलन हो पाएगा।



चोरी के बाद घर का बिखरा सामान।

### पूर्व में नाइट गाउन गिरोह में मचाया था आतंक

पूर्व में 25 मई को मोपका क्षेत्र के गणेश वैली कालोनी के एक मकान व एक अन्य कालोनी के 2 मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिए थे। सीसीटीवी फुटेज में 6 लोग नजर आ रहे थे। उसके बाद उसी गिरोह के द्वारा देवरीडीह क्षेत्र के तीन मकानों व मस्तूरी जयरामनगर में नाइट ग्राउन व मुखौटा लगाकर जयरामनगर स्थित संजय ज्वेलर्स से 2 लाख 40 हजार के जेवर चोरी किया गया था। 2 माह बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### मेडिकल दुकान में भी चोरी

अशोकनगर एकता कालोनी निवासी उमाशंकर प्रसाद पिता फागूराम बरगाह मेडिकल दुकान चलाते हैं। 13 जुलाई की रात 10 बजे दुकान बंदकर घर लौट गए थे। 14 जुलाई को सुबह 8 बजे दुकान गए तो शटर हल्का खुला हुआ था और हुक निकला हुआ था। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त थे। गल्ले में रखे 25 हजार रुपए की चोरी हो गई थी।

एक रात में 5 मकानों में चोरी की वारदात से कालोनी में दहशत को महौल है। सूचना पर पुलिस मकानों का मुआयना कर लौट गई है। पुलिस ने घनश्याम कुमार की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

---

# सूने मकान में चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार, जेवर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसीसीयू टीम ने सूने मकान में चोरी करने वाले दो युवको को पकड़कर जेवर बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

सिरगिट्टी मन्नाडोल तिफरा खुशी बिहार कालोनी निवासी ईश्वरी ध्रुव पति राजकुमार ध्रुव 32 साल 9 जुलाई को सुबह 11 बजे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ उज्जैन महाकलेश्वर सिहोर दर्शन करने चली गई थी। 12 जुलाई को दोपहर 3 बजे वापस आई तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो आलमारी का लाकर टूटा था और सामान बिखरे पड़े थे। आलमारी से 8 जोड़ी पायल, दो चांदी का चेन, 8 जोड़ी बिछिया, चांदी की साड़ी पिन, 6 चांदी का सिक्का, 6 पीतल का सिक्का, एक चांदी का चम्मच, 5 सोने का लाकेट, मोती माला, 11 सोने का मनचली पत्ता, मंगलसूत्र चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस चोरो के पतासाजी में जुट गई है। एसीसीयू टीम ने मुखबिर की सूचना पर पवन श्रीवास पिता गौतम श्रीवास 32 साल इमलीभाठा सरकण्डा, संजय सोनी उर्फ बिल्ली पिता गणेश सोनी 28 साल दैहानपारा कोनी निवासी को पकड़कर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने ईश्वरी ध्रुव के सूने मकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर चोरी गई 80 हजार के जेवर बरामद कर कार्रवाई के लिए सिरगिट्टी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने जेवर जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



### खरीददारों को छोड़ दिया

सूत्रों के मुताबिक, दोनों युवकों ने चोरी के जेवर कोटमी सोनार के दो तीन लोग व मध्यनगरी के एक चाट ठेला वाले के पास बेच दिया है। एसीसीयू टीम ने जेवर खरीदने वाले सभी लोगों को पकड़कर कार्यालय लेकर गई। उनसे जेवर बरामद करने के बाद सांठगाठ कर बिना कार्रवाई के खरीददारों को छोड़ दिया गया है।

---

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# पट्टा वितरण को लेकर ग्राम सचिव से मारपीट, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मछली पालन करने तालाब का वितरण को लेकर कुछ लोगों ने ग्राम सचिव के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी फरार है।

सीपत पुलिस के अनुसार, ग्राम कुली का सरपंच बलराम प्रसाद वस्त्रकार पिता सौखीलाल 13 जुलाई को ग्राम पंचायत भवन में मछली पालन करने तालाब का 10 साल के लिए पट्टा वितरण को लकर गांव के लोगों का बैठक ले रहे थे। इसी दौरान सरदार सिंह ने ग्राम सचिव राम सोनी के साथ गाली गलौज मारपीट की गई थी, जिसकी उन्होंने थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। रात 9 बजे उनका भांजा बृजेश वस्त्रकार को सरदास सिंह रिपोर्ट लिखाए हो कहकर गाली दे रहा था। जानकारी होने पर सरपंच अपने भाई व ग्राम सचिव राम सोनी के साथ वहां गए। उनको देखकर सरदार सिंह ठाकुर, चंद्रमणी ठाकुर उर्फ मोना, सतीश ठाकुर उर्फ सत्तू ने हाथ में पहने लोहे के पंच से ग्राम सचिव राम सोनी के साथ मारपीट करने लगे। उन लोगों ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। गंभीर रूप से घायल ग्राम सचिव को निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सरपंच की रिपोर्ट पर हमलावर सरदार सिंह, चंद्रमणी ठाकुर, सतीश ठाकुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 331, 6, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी सरदार सिंह ठाकुर, चंद्रमणी ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं एक आरोपी फरार है।



### जुआ खेलते पकड़े गए 5 जुआरी

पुलिस ने जुआ खेलते 5 जुआरियों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने सूचना पर कतियापारा पीपल पेड़ के पास जुआ खेलते अकबर खान, दीपक कुशवाहा, अतर सिंह कुशवाहा, दीनू भाई, दिलीप निर्मलकर को पकड़ लिया है। उनके पास से 2 हजार 650 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

